हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26.1 डिग्री

12 अवधि खत्म होने के बाद नवीनीकरण का साफ्टवेयर...



14 12 घंटे की ड्यूटी वेतन आधे से कम, पीएफ-छुट्टी भी नहीं...



# अब 14 रिसॉर्ट भी जाएंगे लीज पर, चिल्फी, मैनपाट व चित्रकोट को संभालेगा बड़ा समूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग ने अपने रिसॉर्ट को अब लीज पर देने का मन बना लिया है। इसको लेकर जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा। विभाग ने सालभर पहले 15 मोटल्स को लीज पर दिया था, जिसमें 3 मोटल्स का संचालन शुरू हो चुका है। बाकी अक्टूबर, दिसंबर और मार्च के बीच शुरू हो जाएंगे। जानकारी मुताबिक 14 रिसार्ट में चिल्फी घाटी, मैनपाट और चित्रकोट का रिसॉर्ट, जिससे सर्वाधिक राजस्व मिलता है, इसके संचालन के लिए बड़े होटल मैनेजमेंट प्रबंधन को दिया जाएगा। बाकी रिसॉर्ट अन्य लोगों के लिए रहेगा। वन विभाग द्वारा बनाए गए रिसॉर्ट, जिसका संचालन वर्तमान में पर्यटन विभाग करना है, उन्हें लीज पर नहीं दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक विभाग के सभी रिसॉर्ट जल्द ही लीज पर चले जाएंगे। एजेंसी विभिन्न रिसॉर्ट में नई सुविधाएं बढ़ा सकती है।

### माना-तूता में निर्माण कार्य हुआ तेज

छत्तीसगढ़ में बंद लंबे समय से बंद पड़े 14 मोटल्स का संचालन शुरू होने लगा है। पर्यटन विभाग ने 2022 में इन मोटल्स को लीज पर दिया था, जिसके बाद एजेंसी को मोटल्स को संवारने और संचालन शुरू करने डेढ़ साल का समय दिया गया था। वर्तमान में दुर्ग, रायगढ़ और कोरिया में ही मोटल्स शुरू हो चुके हैं। बचे 11 मोटल्स को शुरू होने में 4 से 5 महीने का समय और भी लग सकता है। पर्यटन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर में केंद्री और माना-तूता में भी मोटल्स को लीज में दिया गया था, जिसका काम तेजी से हो रहा है। दो महीने बाद लोगों के लिए इसे भी शुरू कर दिया जाएगा। केंद्री में एनआरडीए से अनुमति का पेंच फंसा हुआ है, जिसके कारण इसमें समय लग सकता है। माना-तूता में लोगों को लग्जरी रिसॉर्ट से साथ आधुनिक सुविधा भी मिलेगी।

### पर्यटन विभाग पहले ही 15 मोटल्स को लीज पर दे चुका है, अब रिसॉर्ट के लिए जल्द निकलेगा टेंडर



### माता कौशल्या धाम में रिसॉर्ट बनकर तैयार

श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी माता कौशल्या धाम में लोगों को जल्द ही यहां ठहरने की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत यहां लग्जरी रिसॉर्ट तैयार किया है, जिसका निर्माण कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति थीम पर रिसॉर्ट का रंग रोगन किया गया है। दरवाजा और खिड़कियों के अलावा अन्य आवश्यक सुविधा का कार्य भी पूरा हो चुका है, जिसे जल्द ही इसका लोकार्पण करने की तैयारी है। दोनों तालाब के समीप इस रिसॉर्ट को बनाया गया है, जिसमें लोगों को ठहरने के लिए कमरों की सुविधा मिलेगी।

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट

# रायपुर-भिलाई में बन रहे हैं वायु प्रदूषण के हॉट स्पॉट, तीन साल में हवा शुद्ध करने में उड़े 131 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर और पड़ोसी शहर भिलाई में वायु प्रदूषण के हॉट स्पॉट बन रहे हैं। यह जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी परफॉरमेंस रिपोर्ट के आधार पर सामने आई है। खास बात ये है कि ये दोनों शहर देश के गंभीर वायु प्रदूषण वाले एनसीपीए शहर हैं। यही नहीं, इन शहरों में प्रदूषण कम करने के इरादे से कई तरह के काम किए जा रहे हैं। इन पर पिछले तीन साल में 131 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। अभी भी दावा किया जा रहा है अगले कुछ महीनों में वायु गुणवत्ता में सुधार कर उसे मानक स्तर पर ले आया जाएगा।

यह जानकारी वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए बनी स्टेट लेवल मॉनिटरिंग एंड इम्पलीमेंटेशन कमेटी की तीसरी समीक्षा बैठक में सामने आई है। इस कमेटी में राज्य के आवास एवं पर्यावरण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संबंधित नगरीय निकायों के आयुक्त, केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड से सांइटिस्ट से लेकर परिवहन विभाग के अधिकारी तक शामिल हैं।

### भिलाई में नहीं सुधरे हालात

इधर पड़ोसी शहर भिलाई के संबंध में कहा गया है कि भिलाई अर्बन अग्लोमरेशन में पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। थोड़ा सुधार भी हुआ है। साछ ही गुड डेज की श्रेणी उच्च ही है। लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक सुधार नहीं हुआ है। जिसके मुख्य कारण अर्बन अग्लोमरेशन क्षेत्र में निर्माण कार्य, वाहनों के पंजीकरण में वृद्दि, आदि है। यहां भी दावा किया गया है कि अगले कुछ माह में वायु गुणवत्ता को सुधार लिया जाएगा।

### राज्य स्तरीय कमेटी ने की प्रदूषण की समीक्षा



**अब तक खर्च हो चुके हैं 131 से करोड़ रुपए**

रायपुर- भिलाई( दुर्ग जिला) में प्रदूषण के स्तर को कम करने और वायु को स्वच्छ बनाने आदि के लिए पिछले तीन साल 2020 से 2023 के बीच एक्सवीएफसी फंड 231 करोड़ 70 लाख रुपए मिले और इसमें से 131 करोड़ 55 लाख रुपए खर्च भी किए जा चुके हैं। रायपुर में प्रदूषण कम करने के लिए वॉल पेंटिंग, जनजागरूकता, कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। रायपुर में निगम द्वारा बायोमास के क्षेत्र में इंसीलेटर स्थापित कर रहे हैं। भिलाई में बताया गया है कि एक्शन प्लान में बताए गए 54 कार्यों पूरे हो चुके हैं, 14 कार्य चल रहे हैं, 17 अभी शुरू नहीं हुए हैं।

### ये है रायपुर का हाल

समीक्षा बैठक में जानकारी सामने आई है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोरड द्वारा जारी परफॉरमेंस रिपोर्ट के अनुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में पीएम 10( प्रदूषण के स्तर का मानक) की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ी है। हालांकि गुड डेज की श्रेणी उच्च ही है। वायु प्रदूषण में बढोत्तरी की वजह ये बताई गई है कि अर्बन अग्लोमेरेशन क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य, मुख्यतः जल आवर्धन योजना के कार्य, विद्युत केबल कार्य, सड़क निर्माण कार्य प्रमुख हॉट स्पॉट औद्योगिक इकाई तथा वाहनों के पंजीकरण में वृद्धि है। जो हॉट स्पॉट का रूप ले रहे हैं। इस बैठक में रायपुर नगर निगम की ओर से कहा गया है कि अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार काम किया जा रहा है। जिसे आगामी कुछ मीह में नियंत्रित कर वायुक गुणवत्ता मानक के अनुरूप लाया जाएगा।

# शराब घोटाला मामले में 15 जिला आबकारी अधिकारी पूछताछ के लिए तलब



शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप को लेकर ईओडब्लू की कार्रवाई हो सकती है तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले की जांच कर रही ईओडब्लू की टीम ने गुरुवार को तत्कालीन 15 जिला आबकारी अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब कर उनसे देर रात तक पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक जिन आबकारी अफसरों को पूछताछ के लिए तलब किया गया था, जांच एजेंसी ने उन अफसरों की भूमिका के बारे में गहन पूछताछ करने के साथ तत्कालीन आबकारी आयुक्त तथा अन्य अफसरों ▶▶|शेष पेज 13 पर

- ईओडब्लू कार्यालय में सुबह से चल रही है पूछताछ
- शिकंजा कसने की चल रही तैयारी

### कई अफसरों के नाम चार्जशीट में

सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ने जिन अफसरों को पूछताछ के लिए अपने ऑफिस में तलब किया है, उनमें से कई जिला आबकारी अफसरों के नाम चार्जशीट में दर्ज हैं, जिनकी भूमिका शराब घोटाला में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रही है। सूत्रों के मुताबिक चार्जशीट में शामिल अफसरों के साथ जांच एजेंसी के अफसरों ने गहनता के साथ पूछताछ की है।

### तैयारी के साथ अफसरों ने की पूछताछ

जिन जिला आबकारी अफसरों से ईओडब्लू के अफसरों ने पूछताछ की है, उन अफसरों में डीएसपी स्तर के अफसरों से पूछताछ की है। भ्रष्टाचार की पड़ताल करने अफसरों ने पूरी तैयारी के साथ जिला आबकारी अफसरों के साथ पूछताछ की है। जिन लोगों से पूछताछ की गई है, वे अपने बयान में कोई गलत जानकारी न दे पाएं, इसके लिए अफसर दस्तावेज अपने पास रखे हुए थे।

## खबर संक्षेप



### दो पक्ष भिड़े, बलवा के 11 आरोपी जेल दाखिल

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विवाद में दो पक्षों द्वारा खूनी संघर्ष तथा बलवा के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित 11 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना में शामिल लोगों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। अन्य लोगों के बारे में पुलिस ने पतासाजी कर कार्रवाई करने की बात कही है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिनमें दोनों पक्ष के लोग ईंट, पत्थर तथा डंडे से लैस होकर एक-दूसरे के ऊपर हमला करते दिख रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।

### बैंक से लाखों की ठगी फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक से 40 लाख रुपए ठगी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।




पुलिस के मुताबिक, बैंक से ठगी के आरोप में आमानाका निवासी दीपक तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार चार वर्ष पूर्व ऋषि तिवारी ने पीएनबी से 40 लाख रुपए लोन लिया था, जिसका गारेंटर दीपक था। ऋषि ने ऋण लेने के बाद बैंक का कर्ज नही पटाया। ऋषि तथा दीपक आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों ने मिलकर बैंक से ठगी करने योजना बनाई थी।

# ट्रैफिक की सेहत बिगाड़ने वाले ई-रिक्शा चालकों पर शिकंजा, 300 पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर का व्यस्त मार्ग हो या सामान्य आवाजाही वाला मार्ग हर तरफ ई-रिक्शा के चालक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चला रहे हैं। ऐसे लापरवाह ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए एक लाख 82 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई में तीन सौ से ज्यादा ▶▶|शेष पेज 13 पर

- ज्यादातर कार्रवाई नो पार्किंग, व्यस्त मार्ग पर सवारी उतारने चढ़ाने को लेकर गई



### बगैर दस्तावेज के वाहन चलाते धरे गए

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर है। ट्रैफिक पुलिस ने जिन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें से ज्यादातर लोगों के पास दस्तावेज के साथ ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं था। उनमें से कई ई-रिक्शा चालक ऐसे थे, जो अपने ड्राइविंग लाइसेंस तथा दस्तावेज घर में छोड़ ई-रिक्शा चला रहे थे।


# चार बाघ शावकों का हैप्पी बर्थ डे...


### जन्मदिन के मौके पर शावक पहली बार लोगों के बीच पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जंगल सफारी में ऐसा कम ही अवसर आता है, जब किसी वन्यजीव का जन्मदिन मनाया जाता हो। लंबे अरसे बाद जंगल सफारी में किसी बाघिन से जन्मे चार शावकों का गुरुवार को जन्मदिन मनाया गया है। जिन शावकों का जन्मदिन मनाया गया है, उनका जन्म एक वर्ष पूर्व 29 अगस्त 2024 को हुआ है। शावक फिलहाल वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में हैं। शावकों को ▶▶|शेष पेज 13 पर

- अचानकमार टाइगर रिजर्व से लाई गई किशोरी की तीसरी पीढ़ी के हैं शावक





### इस तरह से शावकों की फैमिली हिस्ट्री

जंगल सफारी में सात वर्ष पूर्व अचानकमार टाइगर रिजर्व से एक मादा बाघ को रेस्क्यू कर लाया गया था, जिसका नामकरण कर किशोरी रखा गया। किशोरी ने जंगल सफारी में रहते हुए मादा बाघ को जन्म दिया था, जिसका नाम बिजली रखा गया। जंगल सफारी में जिन चार शावकों का जन्मदिन मनाया गया, वह शावक बिजली के बच्चे हैं। इस तरह से जंगल सफारी में किशोरी की यह तीसरी पीढ़ी है, जिनका जन्मदिन मनाया गया।



**खबर संक्षेप**



## वन खेलकूद स्पर्धा के लिए चयन, कई जिलों से पहुंचे खिलाड़ी

**रायपुर।** 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने स्थानीय कोटा स्टेडियम में किया। पूरे प्रदेश के 6 वन वृत्तों से आए लगभग 500 खिलाड़ियों को वन बल प्रमुख ने शपथ दिलाई। वन वृत्त बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, कांकेर, सरगुजा, रायपुर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समस्त खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर को रायपुर में होना सुनिश्चित है। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विविध खेलों के लिए राज्य स्तरीय टीम का चयन 29 से 31 अगस्त के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित कर किया जा रहा है।

## आयुर्वेद, यूनानी चिकित्सकों के लिए पंजीयन नवीनीकरण 30 तक, फिर होगी कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद में 30 जून 2019 तक पंजीकृत आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सकों के पंजीयन प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि बिना विलंब शुल्क 31 अगस्त तक निर्धारित है। विलंब शुल्क के साथ 30 सितंबर तक आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। नवीनीकरण के लिए अभी तक 2500 चिकित्सकों के आवेदन पत्र प्राप्त हो चुका है। आवेदन पत्रों के छानबीन पश्चात अक्टूबर से चिकित्सकों को पंजीयन नवीनीकरण प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

## मरीजों को दी जाएं उच्चस्तरीय सुविधाएं



**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं इससे संबद्ध डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय तथा डीकेएस अस्पताल की स्वशासी समिति की सामान्य परिषद की बैठक हुई। चिकित्सा महाविद्यालय के कॉलेज काउंसिल हॉल में हुई बैठक में उन्होंने मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल में मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक उपकरण एवं मानव संसाधन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश उच्च अधिकारियों को दिए। रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू और पुरेंदर मिश्रा, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. यूएस पैंकरा आदि शामिल हुए।

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण पर अस्थाई रोक, कर्मचारी संगठनों का था भारी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के फैसले पर सरकार ने ही अस्थायी रोक लगा दी है। एक दिन पहले इस संबंध में सचिव स्तरीय बैठक बेनतीजा रही थी। हालांकि अस्थायी रोक संबंधी आदेश की प्रति नहीं मिली है, लेकिन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा और छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने रोक लगाए जाने की जानकारी मिलने की बात कही है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने राज्य शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के आदेश को रद्द किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह फेडरेशन और शिक्षक के सभी संगठनों के एकता का परिणाम है।

उन्होंने कहा, फेडरेशन के दबाव में शासन को अपना आदेश रद्द करना पड़ा। उन्होंने इसका स्वागत करते हुए, इसके लिए फेडरेशन और शिक्षक संगठन के लोगों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने इसे फडरेशन की एकता का परिणाम बताते हुए प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### एक दिन पहले इस संबंध में सचिव स्तरीय बैठक बेनतीजा रही

#### किरण देव ने सीएम को लिखा था पत्र

कुछ ही दिनों में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हैं, ऐसे में शिक्षक नेता जिस नेता के यहां ज्ञापन देने जा रहे थे, मजबूरी में ही सही उन्हें रिस्पांस देना पड़ रहा था। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने तो बाकायदा मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था कि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के फैसले पर विचार किया जाए।

#### इन विषयों पर नहीं बनी बात

*शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी से कल छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और शिक्षक संगठनों से चर्चा के दौरान जोर देकर कहा था कि पहले प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल व प्रायमरी स्कूल व शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर हाई कोर्ट में केविएट लगाकर टाइम लिमिट कर पदोन्नति कीजिए, उन्हें रिक्त पदों पर पोस्टिंग दीजिए। विभाग द्वारा जारी 2008 के सेटअप को यथावत रखा जावे, उससे कम पद स्कूलों में कैसे दिया जा रहा है, इसमे छेड़छाड़ गलत है। साथ ही प्रत्येक विद्यालय का स्वतंत्र यू डाइस कोड हो, उनकी व्यवस्था अलग किया जा सकता है। वरिष्ठ शिक्षकों को अतिशेष न किया जाए। कामर्स, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत जैसे विषय के लिए छात्र संख्या के आधार पर शिक्षक बढ़ाए जाएं। आवश्यकतानुसार नए शिक्षकों की भर्ती किया जाने की मांग की गई थी।*

#### गैर शिक्षकीय कार्य में संलग्न कई शिक्षक

स्कूल शिक्षा विभाग में कई शिक्षक गैर शिक्षकीय कार्य में लोक शिक्षण संचालनालय और जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में पदस्थ है। यहां सेटअप से अधिक लोगों की पदस्थापना की गई है। प्राचार्य और व्याख्याता स्तर के शिक्षकों को मूल पदस्थापना स्थल पर भेजने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग में इसे लेकर कई शिकायतों के बाद भी अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### नवीनीकरण की तारीख नहीं बढ़ने के कारण नवीनीकरण नहीं करा पा रहे कार्डधारक

# अवधि खत्म होने के बाद नवीनीकरण का साफ्टवेयर ब्लॉक, 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के कार्ड फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में अब तक 5 लाख से अधिक कार्ड धारक अपना नवीनीकरण नहीं करा पाए हैं, वहीं शासन द्वारा नवीनीकरण की अवधि भी खत्म हो चुकी है, जिसके कारण नवीनीकरण का साफ्टवेयर भी ब्लॉक कर दिया गया है। इसके कारण राशन दुकानों में नवीनीकरण होना भी बंद हो गया है, जिससे 5 लाख से अधिक कार्ड भी फंस गए हैं। नवीनीकरण नहीं होने से नये कार्ड भी नहीं बन पाएंगे, जिससे आगामी दिनों में हितग्राहियों को राशन से भी वंचित होना पड़ सकता है। इधर जिला विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नवीनीकरण कराने के लिए कार्ड धारकों को भरपूर समय दिया गया है। इसके लिए कई बार अवधि भी बढ़ाई गई, बावजूद नवीनीकरण कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में धारकों का नवीनीकरण नहीं हो पाया है, इसे देखते हुए अवधि बढ़ाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद उचित मूल्य के हितग्राहियों के राशन कार्ड को भी नया रूप दिया गया है। इसके तहत कार्ड धारकों का नवीनीकरण भी कराया जा रहा है। नवीनीकरण के दौरान कार्ड धारक के दस्तावेज एवं सदस्यों के नाम भी अपडेट किए जा रहे हैं। इस तरह नवीनीकरण कराने के बाद ही नये कार्ड बनाए जा रहे हैं। आगामी दिनों में नये कार्ड वाले धारकों को ही राशन दुकान से खाद्यान्न मिलना है।




#### नवीनीकरण नहीं कराने वालों में 80% एपीएल कार्ड धारक

नवीनीकरण नहीं कराने वालों में ज्यादातर एपीएल कार्ड धारक बताए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रदेशभर में जितने कार्ड अब तक नवीनीकरण नहीं हो पाए हैं, उनमें लगभग 80 प्रतिशत एपीएल कार्ड धारक है। रायपुर जिले की बात करें तो यहां भी 70 हजार से अधिक कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। इनमें 50 हजार से ज्यादा एपीएल कार्ड धारक है।

#### 76 लाख से अधिक कार्ड, 93% करा चुके नवीनीकरण

प्रदेशभर में कार्ड धारकों की संख्या 76 लाख 65 हजार 523 हैं। इनमें से 71 लाख 26 हजार 182 धारकों ने नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन कर चुके हैं। इन आवेदनों के अनुसार धारकों का पीडीएफ फाइल बनाकर नये कार्ड बनाकर धारकों को वितरण भी किए जा रहे हैं। जिन कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है, उनकी संख्या 5 लाख 39 हजार 341 हैं। ये सभी कार्ड नवीनीकरण का काम बंद होने के कारण फंसे हुए हैं।

#### 15 अगस्त के बाद नहीं हो रहा नवीनीकरण, चक्कर लगा रहे धारक

शासन के निर्देश के अनुसार 15 अगस्त को नवीनीकरण कराने की अंतिम तारीख तय की गई थी। इसके बाद से नवीनीकरण का काम बंद है। इधर नवीनीकरण का काम बंद होने के बाद अब राशन दुकानों में कार्ड धारक नवीनीकरण के लिए चक्कर काट रहे हैं। रायपुर शहर के कुछ दुकान संचालकों ने बताया कि हर रोज दो से तीन लोग नवीनीकरण कराने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन साफ्टवेयर बंद होने के कारण वे नवीनीकरण नहीं कर पा रहे हैं।

#### नवीनीकरण की अंतिम बार तारीख बढ़ाने भेजा है प्रस्ताव

जिले में अब तक करीब 11 प्रतिशत कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। 15 अगस्त तक का समय दिया गया था। इसके बाद साफ्टवेयर ब्लॉक कर दिया गया है। नवीनीकरण की तारीख अंतिम बार आगे बढ़ाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

**- भूपेंद्र मिश्रा**
जिला खाद्य नियंत्रक

# निर्वाचन आयोग के पुनरीक्षण कार्यक्रम में इस बार दक्षिण विधानसभा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रस्तावित उपचुनाव के कारण पुनरीक्षण कार्यक्रम में नहीं किया गया शामिल

निर्वाचन आयोग के पुनरीक्षण कार्यक्रम में इस बार रायपुर जिले के दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को शामिल नहीं किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद दक्षिण विधानसभा क्रमांक-51 में विधायक की सीट खाली हो गई है। इस सीट के लिए उपचुनाव होना है। बताया जा रहा है कि उपचुनाव नियमानुसार पूर्व मतदाताओं की संख्या के आधार पर ही होना है। इसके कारण आयोग ने पुनरीक्षण कार्यक्रम में फिलहाल इस विधानसभा क्षेत्र को शामिल नहीं किया है। संभावना जताई जा रही है कि उपचुनाव के बाद ही यहां पुनरीक्षण का कार्य होगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में पुनरीक्षण के पूर्व होने वाले कार्यक्रम 20 अगस्त से प्रारंभ कर दिया गया है। इसके तहत बीएलओ के माध्यम से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन कराने से लेकर मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, पुनर्व्यवस्था, निर्वाचक नामावली, मतदाता का फोटो परिचय पत्र में विसंगतियों को दूर करना, मतदाता सूची में सुधार कार्य, गुणवत्ता वाली फोटो लगाना, मतदान केंद्रों के अनुभाग, भागों का पुर्ननिर्धारण, मतदान केंद्रों के अनुभाग-भाग सीमाओं के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना, अनुमोदन प्राप्त करना, मतदाता सूची से संबंधित कमियों का आंकलन कर समय-सीमा में दूर करना। कंट्रोल टेबल में सुधार करना आदि कार्य किए जाएंगे। यह पूरा कार्य 18 अक्टूबर तक चलेगा। इसी प्रकार फार्मेट 1 से 8 की तैयारी के साथ पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार किया जाएगा। यह काम 19 से 28 अक्टूबर तक चलेगा।

#### 29 अक्टूबर से पुनरीक्षण कार्यक्रम

पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से शुरू होगा। शेड्यूल के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से शुरू होगा। इस दिन मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से दावा-आपत्ति भी किया जा सकेगा, जिसकी अंतिम तारीख 28 नवंबर तय की गई है। नये नाम जोड़ने, हटाने, त्रुटि सुधार के लिए भी विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। ये शिविर 9, 10, 16 एवं 17 नवंबर को लगाए जाएंगे। दावा-आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

# तोखन झारखंड की चार विधानसभाओं के प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बिलासपुर के सांसद और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को चार विधानसभाओं का प्रभारी बनाया गया है। रांची में शुक्रवार को होने वाली भाजपा की बैठक के लिए गुरुवार को वे बिलासपुर से रांची के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री साहू ने कहा, राष्ट्रीय संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसको पूरा करने में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। अपने प्रभारी वाली सीटों के साथ ही झारखंड में भाजपा को जीत दिलाने के लिए काम करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अलग-अलग राज्यों के सांसदों, और भाजपा नेताओं को जिम्मा सौंपा है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को झारखंड में लातेहार और चतरा जिले की चार विधानसभाओं का प्रभारी बनाया गया है। इन जिलों में लातेहार, चंदवा, चतरा और सिमरिया सीटें हैं। इस समय लातेहार सीट पर जेएमएम और चंदवा सीट पर कांग्रेस, चतरा की सीट में राजद और सिमरिया की सीट पर भाजपा के विधायक हैं। अब चारों सीटों पर भाजपा को जीत दिलाने का जिम्मा श्री साहू के पास है। इसके लिए वे वहां पर रणनीति बनाने का काम करेंगे और भाजपा नेताओं के साथ जीत के लिए काम करेंगे।

# अधिकार अभिलेख में संशोधन, अब जमीन के रिकार्ड में जाति, निवास मोबाइल और आधार नंबर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिकार अभिलेख में संशोधन किया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन करा दिया है। अब अधिकार अभिलेख में भूमि स्वामी या सरकारी पट्टेदार का नाम, जाति, निवास, के साथ मोबाइल नंबर और आधार नंबर भी दर्ज होगा। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता में मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिकार अभिलेख से संबंधित नियमों में बदलाव कर दिया है। अधिकार अभिलेख का नया प्रारूप जारी किया गया है। इस प्रारुप में अब यूएल पिन नंबर के साथ छत्तीसगढ़ राज्य, जिला, तहसील, राजस्व निरीक्षक मंडल, पटवारी हल्का शीट नंबर, स्थानीय निकाय, ग्राम का एलजीडी कोड, तथा ग्राम का नाम होगा। इसके साथ ही सर्वेक्षण संख्यांक, भू राजस्व संख्यांक, क्षेत्रफल, भू राजस्व रुपयों में, प्रयोजन, भूमि स्वामी, सरकारी पट्टेदार का नाम, जाति, निवास, मोबाइल नंबर, आधार नंबर का उल्लेख होगा। नाबालिग होने की स्थिति में पालक का नाम, पिता या पति का नाम, अधिकार की प्रकृति, संयुक्त खाते की दशा में सहखातेदारों का हिस्सा, भूमि का प्रभार, बंधक, न्यायालयीन प्रक्रियाधीन, भू अर्जन प्रक्रियाधीन आदि का उल्लेख होगा। उल्लेखनीय है कि अधिकार अभिलेख वह दस्तावेज होता है जिसमें एक पूरे गांव की सभी जमीनों का ब्योरा दर्ज किया जाता है।

# भाजपा ने सदस्यता के लिए झोंकी ताकत, 50 हजार प्रभारी सीधे वार रूम के टच में रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए बड़ी ताकत झोंकने का फैसला किया है। बूथों से लेकर मंडल, शक्ति केंद्र, जिलों में प्रभारी बनाए गए हैं। करीब 50 हजार प्रभारियों को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बनाए गए वार रूम से सीधा जोड़ा जा रहा है। वार रूम में रोज का डाटा भी अपडेट होगा। प्रभारियों के साथ किसी भी कार्यकर्ता को सदस्य बनाने में किसी भी तरह से परेशानी होगी, तो उनको वार रूम से मदद मिलेगी। वार रूम में एक काल सेंटर बनाया गया है। इसमें कार्यालयीन समय में एक से डेढ़ दर्जन जानकार कॉल अटेंड करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। भाजपा का लक्ष्य प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का है।

भाजपा का सदस्य अभियान प्रदेश में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहला सदस्य बनाकर प्रारंभ किया जाएगा। इसके बाद चार सितंबर को जिलों में प्रदेश के मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी अभियान का आगाज करेंगे। पांच सितंबर को मंडलों में और अंत में 6 सितंबर को बूथों से अभियान प्रारंभ होगा। सदस्य बनाने का काम बूथ स्तर से होना है, ऐसे में सदस्यता अभियान का सही में प्रारंभ 6 सितंबर से होगा। हर बूथ में कम से कम दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।



#### हर स्तर पर प्रभारी तय

भाजपा का सबसे बड़ा फोकस बूथों पर है। ऐसे में प्रदेश के 25 हजार बूथों में बूथ प्रभारी बनाए गए हैं। इसी के साथ चार हजार से ज्यादा शक्ति केंद्र, चार सौ से ज्यादा मंडलों के अलावा जिलों में भी प्रभारी और उनके सहयोगी बनाए गए हैं। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजकअनुराग सिंहदेव के मुताबिक कुल मिलाकर करीब 50 हजार प्रभारियों को सदस्यता का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा प्रदेश संगठन से जुड़े जिलों, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सदस्य भी सदस्यता अभियान में काम करेंगे। लेकिन ठाकरे परिसर के वार रूम में प्रभारियों का डाटा रहेगा। उनके नंबरों को वार रूम में रखने का काम चल रहा है। वार रूम 6 सितंबर से काम करेगा।

#### सबकी जिम्मेदारी तय

सदस्यता अभियान के लिए सबकी जिम्मेदारी तय की गई है। लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है। एक दिन पहले सभी मोर्चा की बैठक लेकर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने मोर्चा के पदाधिकारियों को बताया कि सदस्यता अभियान के लिए क्या करना है। गुरुवार को सभी प्रकोष्ठ की बैठक ली गई। इसमें सदस्यता अभियान को लेकर सभी को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव ने पूरी जानकारी दी और बताया कि क्या-क्या करना है।

# मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन संग्रहालय का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को नवा रायपुर में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप बन रहे 'शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ के आदिवासी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित इस संग्रहालय का निर्माण 45 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के साथ आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम भी कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने संग्रहालय में मूर्तियों, अन्य कलाकृतियों तथा विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने मूर्तियों का निर्माण कर रहे शिल्पकारों से चर्चा कर उनकी कला के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव का एक प्रमुख केन्द्र बनेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश प्रेम की भावना, उनके शौर्य पराक्रम और बलिदानों पर केन्द्रित यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को सहेजने का अनुपम प्रयास है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को संग्रहालय के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

# भूपेश के काफिले को रोकने और दुर्व्यवहार की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले पर हमले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर कांग्रेसी पुलिस मुख्यालय पहुंचे। वहां पर डीजीपी के न होने पर कांग्रेस के नेताओं ने वहां के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 अगस्त को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले को रोका और सुरक्षा कर्मियों से धक्का-मुक्की की गई। घटना के विरोध में भिलाई-3 थाने के घेराव में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और एफआईआर की गई।

प्रतिनिधिमंडल में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है, इस सुरक्षा में चूक पुलिस प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने कहा, दुर्ग में प्रदर्शन करने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोकने व उनके खिलाफ प्रदर्शन करने की बजरंग दल ने क्या कोई परमिशन ली थी? उनके काफिले को इस तरह से रोकना अलोकतांत्रिक है। उन्होंने डीजीपी से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।



#### कांग्रेस ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला फूंका



भिलाई मे स्थानीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओ पर पुलिस प्रशासन द्वारा दमनात्मक कार्रवाई लाठीचार्ज व 150 से अधिक कार्यकर्ताओ पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला जलाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व मे पुतला जलाया। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था लचर हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में असामाजिक तत्वों ने घेर कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं, तो छत्तीसगढ़ की जनता की सुरक्षा पुलिस कैसे करेगी? शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज एवं एफआईआर करना अलोकतांत्रिक व्यवस्था को दर्शाता है। साय की सरकार तानाशाही रवैये में उतर चुकी है। कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता इस तानाशाही सरकार से हर मोर्चे पर लड़ता रहेगा।

**ये थे मौजूद :** इस दौरान छाया वर्मा, उधोराम वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, प्रशांत ठेंगडी, नवीन चंद्राकर, दीपा बग्गा, देव कुमार साहू, माधव साहू, दिनेश ठाकुर, बाकर अब्बास, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, ममता राय आदि उपस्थित थे।

## निधन

### आनंद राम यादव



रायपुर। टिकरापारा हरदेव लाला मंदिर निवासी आनंद राम यादव का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे ओमी यादव और स्व. विनय कुमार यादव के पिता थे।

### लक्ष्मी देवी खटवानी



रायपुर। मारुति लाइफ स्टाइल कोटा निवासी लक्ष्मी देवी खटवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेंद्र, दीपक खटवानी की माता थीं।

### राजेश मेहानी



रायपुर। विजय विहार प्रियदर्शिनी नगर निवासी राजेश मेहानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सरस्वती देवी मेहानी की पुत्र और राजकुमार पोहानी, श्रीचंद उधवानी के भाई थे।

### चंद्रा ठाकुर



रायपुर। श्रीजी वृंदावन अमलीडीह निवासी चंद्रा ठाकुर (67) का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नामदेव ठाकुर की पत्नी और सुनील, जितेन्द्र,शंकर ठाकुर की माता थीं।

### चंद्रकांत सातपुते



रायपुर। कल्पतरू अपार्टमेंट कोटा निवासी चंद्रकांत सातपुते का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सतीश एवं संजय के बड़े भाई एवं पंकज, नीरज सातपुते के पिता थे।

### रेखा मुरजमल लालवानी



रायपुर। अवंति विहार निवासी रेखा मुरजमल लालवानी (80) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुनील लालवानी की माता थीं।

### सरिता देवी अग्रवाल



रायपुर। शंकर नगर निवासी सरिता देवी अग्रवाल का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राकेश एवं मुकेश अग्रवाल की माता थीं।

### दयानिधि अग्रवाल



रायपुर। रायपुर निवासी दयानिधि अग्रवाल का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. राधेश्याम अग्रवाल सरोरा वाले के पुत्र और जयंत एवं डॉ. श्रेया के पिता थे।

# हाइब्रिड वनभैंसों के लिए दस साल में फूंके ढाई करोड़, अब चारे के लिए पैसा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राज्य के राजकीय पशु वनभैंसों की जतन के लिए वन विभाग पिछले दो दशक से मशक्कत कर रहा है। राजकीय पशु के लिए विभाग ने अब तक जो कुछ भी किया है, वह विवादों में रहा है। उदंती में वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में रखे गए वनभैंसों के हाइब्रिड होने के बाद सीजेडए ने उन वनभैंसों का क्रास कराने से इनकार कर दिया।

इसके बाद विभागीय अफसरों ने पिछले वर्ष जुलाई में 16 हाइब्रिड वनभैंसों को खुले में छोड़ दिया। खुले में छोड़े जाने पर हाइब्रिड वनभैंसें किसानों की फसल चट करने लगे। इसके बाद पीड़ित किसानों ने खुले में विचरण कर रहे हाईब्रिड राजकीय पशु को हकाल कर पुनः बाड़े में बंद कर दिया है। गौरतलब है कि वन अफसर इन हाईब्रिड वनभैंसों के खाना तथा अन्य देख रेख में वर्ष 2013 से वर्ष 2024 के बीच अब तक दो करोड़ 46 लाख 38 हजार 831 रुपए खर्च कर चुके हैं। वर्तमान में इन एनिमल के लिए चारा तथा देख-रेख करने विभाग के पास फंड नहीं है।

## हाइब्रिड वनभैंसों को लेकर वन विभाग असमंजस की स्थिति में

### डिप्टी डायरेक्टर ने सीडब्लूएलडब्लू को दिए सुझाव

वनभैसों को लेकर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन ने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल को पत्र के माध्यम से सुझाव दिया है। सुझाव में इन हाइब्रिड वन भैंसों को ग्रामीणों के हाथों सौपने या फिर उन्हें यूएसटीआर के क्षेत्र से बाहर छोड़ने की बात का उल्लेख है। पत्र में अफसर ने कहा है कि इतने सारे हाइब्रिड वनभैसों के लिए चारा नहीं है। इस वजह से एनिमल आक्रामक हो सकते हैं या भूख से मर सकते हैं। हाइब्रिड वनभैसों का व्यवहार पालतू मवेशी की तरह है।



■ खुले में छोड़ने पर किसानों ने हकाल कर वापस बाड़े में लौटाया

### मामला सुलझाने समिति का गठन

खुले में हाइब्रिड वनभैसों को छोड़ने के बाद किसानों की फसल नुकसान करने के मामले को सुलझाने तथा किसानों को क्षतिपूर्ति देने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने समिति गठित की है। जानकारों के मुताबिक मामला विभागीय की जगह सरकार के स्तर पर सुलझाया जाना है।

### किसानों से पकड़े और खरीदे गए थे

जिन एनिमल के हाइब्रिड वनभैंसा होने की पुष्टि हुई है, उनमें से एक मादा एनिमल को वर्ष 2008 में एक किसान से यह कहकर लाया गया कि यह मुर्रा की जगह वनभैंसा है। इसके बाद बाड़े में रह रहे प्योर नस्ल के छोटू के साथ उसका क्रास कराया गया। किसान से लाए गए कथित वनभैंसा का नाम अफसरों ने आशा रखा। आशा ने राजा, प्रिंस, मोहन, वीरा, सोमू, खुशी और हीरा को जन्म दिया। आशा की 2020 में मृत्यु हो गई। इसके बाद वन अफसरों ने वर्ष 2018 में किसानों से 27 हजार रुपए में दो और हाइब्रिड वनभैंसा खरीदा, जिनका नाम रंभा तथा मेनका रखा। रंभा तथा मेनका से जन्मे हाइब्रिड वनभैसों मालती और भानुमति को जन्म दिया। चारों ने पार्वती, विष्णु, दुर्गा, किरण, कान्हा, प्रहलाद, रवि, सोमवती, जानकी, उर्वशी और सूर्या को जन्म दिया। इस तरह से रेस्क्यू सेंटर में हाइब्रिड वनभैंसों की संख्या में वृद्धि होती गई।

## शराब दुकानों का ठेका लेने वाली एजेंसियों के विरुद्ध प्रदेशभर के सुरक्षा गार्डों ने खोला मोर्चा

# 12 घंटे की ड्यूटी, वेतन आधे से कम, पीएफ-छुट्टी भी नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा गार्ड हड़ताल की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

शासकीय शराब दुकानों की सुरक्षा का ठेका लेनी वाली एजेंसियों के खिलाफ प्रदेशभर के सुरक्षा गार्डों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश के सभी जिलों से सुरक्षा गार्ड अपनी मांगों को लेकर राजधानी पहुंचे थे, यहां वे जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे, लेकिन जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित होने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री से मिले बिना ही लौटना पड़ा।

सुरक्षा गार्डों ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए बताया कि सीएसएमसीएल द्वारा सुरक्षा गार्डों का वेतन निर्धारित किया गया है। इसके तहत उन्हें वेतन आधे से भी कम दिया जा रहा है, वहीं 8 की जगह 12 घंटे की ड्यूटी कराई जा रही है, लेकिन ओवर टाइम का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। साथ ही भविष्य निधि का पैसा भी नियमित रूप से जमा नहीं किया जा रहा है।

### ओवर टाइम का वेतन देने से एजेंसियों का इंकार

सुरक्षा गार्डों ने बताया कि मासिक वेतन आदेश जारी होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने 12 घंटे की जगह अब 8 घंटे की ड्यूटी के हिसाब से उनका वेतन दिया जा रहा है, जबकि वर्ष 2017 से लेकर अप्रैल 2024 तक सभी गार्डों से 12 घंटे की ड्यूटी कराई गई है। वेतन आदेश जारी होने के बाद एजेंसियां अब ओवर टाइम का वेतन देने से पीछे हट गई हैं।

## जनदर्शन कार्यक्रम में देना चाहते थे सीएम को ज्ञापन

### इन एजेंसियों से हुआ है अनुबंध

आबकारी विभाग ने विभिन्न जिलों के लिए अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों से अनुबंध किया है। इनमें एसआईएस, बीआईएस, इगल हंटर, सीएमएससी, कॉलमी, एसएसएस आदि एजेंसी शामिल है।



### 22861 वेतन निर्धारित पर एजेंसियां 6 से 12 हजार ही दे रहीं

सुरक्षा गार्डों ने बताया कि शराब दुकानों की सुरक्षा के लिए आबकारी विभाग ने प्रदेशभर में आधा दर्जन से अधिक एजेंसियों से अनुबंध किया है। इस अनुबंध के तहत सीएसएमसीएल द्वारा सुरक्षा गार्डों को एजेंसियों द्वारा दिए जाने वाला वेतन एवं सुरक्षा निधि भी निर्धारित किया गया है। इस आदेश के तहत 8 घंटे की ड्यूटी, मानदेय राशि 10620, ओवर टाइम चार्ज 402 रुपए, छुट्टी चार्ज 408 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 4 दिन का 1633 रुपए। इस तरह कुल 22861 रुपए मासिक वेतन दिया जाना है। सुरक्षा गार्डों ने बताया कि अनुबंध की तुलना में उन्हें न ही निर्धारित वेतन दिया जा रहा है और न भविष्य निधि जमा की जा रही है। ड्यूटी भी 8 की जगह 12 घंटे कराई जा रही है। छुट्टी मांगने पर वेतन काटने या नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जाती है। उन्होंने बताया कि एजेंसियों द्वारा मनमाने तरीके से वेतन दिया जा रहा है। कोई एजेंसी 6 हजार, कोई 7 से 8 तो कोई 9, 10 से 12 हजार वेतन दे रही है।

### कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे

कबीरधाम, दंतेवाड़ा, बीजापुर, मुंगेली, अंबिकापुर, कोरबा, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, धमतरी, कांकेर सहित सभी जिलों से सुरक्षा गार्डों ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर उनके द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी इस मामले में एजेंसियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। थकहारकर अब वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन जनदर्शन कार्यक्रम नहीं होने के कारण मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि आगामी जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने वे दोबारा आएंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद भी अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## मौसम पूर्वानुमान के लिए अब होगा एआई का इस्तेमाल राजधानी में भी नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ .मृत्युंजय महापात्र ने कहा

मौसम पूर्वानुमान के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल मौसम विभाग द्वारा किया जाएगा। राजधानी पहुंचे भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ.मृत्युंजय महापात्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी इस पर काम चल रहा है, लेकिन आने वाले दिनों में इसका प्रयोग मौसम की सटिक जानकारी के लिए किया जाएगा। कई संस्थानों के साथ मिलकर मौसम विभाग इस पर काम कर रहा है। एआई हमारे पहले से मौजूद न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन मॉडल सिस्टम के साथ मिलकर काम करेगा। डॉ. महापात्र के अनुसार, हमारे द्वारा जारी किए जाने वाले मौसम पूर्वानुमान में पहले की तुलना में 40 से 50 प्रतिशत तक सुधार हुआ है। साइक्लोन का सही अनुमान भी अब लगाया जा रहा है। इसके कारण भी जन-धन की हानि रोकने में मदद मिली है। विकसित देशों में जो मॉडल इस्तेमाल किए जाते हैं, उनमें से अधिकतर अब रायपुर में भी हैं।

### पता चलेगी बादलों की सटीक स्थिति

मौसम विभाग के पास 1901 से लेकर अभी तक के डेटा हैं। इसका हम यथासंभव इस्तेमाल करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से आने वाले वर्षों में हम डेटा एनालिसिस करेंगे, जो मौसम का पूर्वानुमान कर सकेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि रायपुर मौसम विज्ञान केन्द्र में नया डॉप्लर रडार लगाया जा रहा है। इससे मौसम की सटीक जानकारी मिल पाएगी। रायपुर के मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा अब तक सैटेलाइट इमेज लाइटनिंग डिटेक्शन सिस्टम और वेदर ऑब्जर्वेशन तकनीक के माध्यम से मौसम की जानकारी जारी की जाती थी। इससे बादलों की सटीक स्थित पता चल सकेगी।

## 35 किलो पार्सल विदेश भेजने में कस्टम ड्यूटी से राहत, उद्यमियों की नई उड़ान से बढ़ी बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ के उद्यमियों को सात समंदर पार व्यावसायिक पार्सल पहुंचाने के लिए अब बिचौलियों को मोटी रकम देने से राहत मिल रही है। ऐसे ग्राहकों के लिए डाक विभाग ने रायपुर डिवीजन में आठ जगह डाक निर्यात केन्द्र शुरू किया है। इसको वन पाइंट सॉल्यूशन कहा जाता है, जहां से लोग विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों को ही नहीं, बल्कि उद्यमी 35 किलो वजनी अपने प्रोडक्ट को भी कस्टम ड्यूटी के पेंच में फंसे बिना आसानी से बुकिंग करवा रहे हैं। डाक विभाग अब हर वर्ग को काउंटर से जोड़ने के लिए प्रयोग कर रहा है। इसका फायदा उद्यमी व व्यापारी भी लेने लगे हैं। जुलाई से पहले विदेशों के लिए व्यावसायिक पार्सल भेजने के लिए व्यापारियों को लाइन लगानी होती थी। बुकिंग का समय सीमित होने से कई बार उन्हें लौटना पड़ता था।

## बुजुर्ग माता-पिता ने लगाई न्याय की गुहार, बेटे ने नहीं दिया मकान व प्लाट का पैसा



रायपुर। काली नगर में 65 वर्षिय बेटी कुंजलता देवांगन के पास रहने वाले 95 वर्षीय बरातू राम देवांगन 90 वर्षीय पत्नी कुंवर बाई के साथ न्याय की गुहार लगाने के लिए गुरुवार को मोती बाग स्थित प्रेस क्लब पहुंचे। उन्होंने बताया कि कुरुद में मकान व जमीन को बेचते समय जो पैसा मिला, उसे बेटे ने खुद रख लिया। पालन-पोषण नहीं होने से विगत 32 साल से बेटी कुंजलता देवांगन पति-स्व. धनेश राम देवांगन के काली नगर पंडरी स्थित मकान में रहता हूं। मेरा खर्च वहन करने की स्थिति में पेंशन के भरोसे घर चलाने वाली बेटी भी नहीं है। इसे देखते हुए थाने और महिला आयोग में न्याय के लिए चक्कर लगाने का साहस भी नहीं रहा है। वहां से सूचना मिलने के बाद भी बेटा सुनवाई में आने के बजाय बहाना कर रहा है। हम चाहते हैं कि पुलिस बेटे को सुनवाई में लेकर आए और हमें न्याय दिलाने में सहयोग करे।

## खाली प्लाट में नियम विपरीत टैक्स, वार्डों के विकास कार्य ठप होने से एमआईसी सदस्य व जोन अध्यक्ष नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ गांधी सदन में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को सौंपा ज्ञापन

■ राजनीतिक दबाव में काम करने का लगाया आरोप

मेयर इन काउंसिल के सदस्यों और जोन अध्यक्षों ने शहर में खाली प्लॉट पर नियम विपरीत अनाप-शनाप टैक्स वसूलने का विरोध किया है। सभापति प्रमोद दुबे, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, सुरेश चन्नावार सहित अन्य सदस्यों ने गुरुवार को इस संबंध में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

एमआईसी सदस्यों ने निगम आयुक्त पर आरोप लगाया है कि राजनीतिक दबाव में आकर वे वार्डो के विकास कार्य की अनदेखी कर रहे हैं। इससे शहर के 70 वार्डो में विकास कार्य ठप पड़ा है। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सभापति प्रमोद दुबे ने कहा है कि नगर निगम रायपुर के 70 वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हैं। सामान्य सभा और एमआईसी की बैठक में हुई चर्चा व इस संबंध में लिये गये निर्णय के बावजूद अब तक कोई प्रगति व कार्यवाही प्रशासनिक स्तर पर दिखाई नहीं दे रही है। यही नहीं, जिन कार्यों का टेंडर हो चुका है उसे तत्काल प्रारंभ करवाया जाये।

### ज्ञापन के प्रमुख बिंदु इस तरह

0 खाली प्लॉट में नियम विपरीत लगाये जा रहे अनाप-शनाप कर वसूली पर रोक लगाई जाये। सर्वदलीय पार्षदों की बैठक बुलाकर इसमें यथोचित ठोस निर्णय लिया जाये।
0 प्रत्येक वार्ड के लिए 50-50 लाख रुपये के विकास कार्य तत्काल प्रभाव से स्वीकृति प्रदान कर निविदा की कार्यवाही की जावे।
0 सामान्य सभा व एमआईसी में हुये निर्णय के तहत वार्ड के राजस्व वसूली के 15 फीसदी तक की राशि के विकास कार्य के प्रस्ताव पर तत्काल स्वीकृति प्रदान करें।
0 इस सत्र के पार्षद निधि के कार्य की निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही की जावे।
0 सभी विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक महापौर, सभापति, आयुक्त व एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में 7 दिन के अंदर बुलाने की मांग।
0 निविदा हो चुके कार्यों को तत्काल प्रारंभ करवाया जाये।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-

रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक

गंगा सागर यात्रा

गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी

ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:- 7354-411411

## बिजनेस साइट

### मैट्स यूनिवर्सिटी में सात दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत



रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी ने डिप्लोमा, बी-टेक और पीजी पाठ्यक्रमों (2024 बैच) के नए छात्रों के लिए 'इंडक्शन प्रोग्राम-दीक्षारंभ-2024' की शुरुआत विश्वविद्यालय के सभागार में की। उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति गजराज पगारिया और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर पीके निमोणकर ने दीप प्रज्वलन एवं देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. केपी यादव, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा, इंजीनियरिंग विभाग की निदेशक डॉ. आशा अंबइकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ. अंबइकर ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की पृष्ठभूमि, बुनियादी ढांचे और उपलब्धियों को साझा किया तथा छात्रों को ईमानदारी से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

यह सात दिवसीय कार्यक्रम छात्रों को कॉलेज के वातावरण से परिचित कराने और शिक्षा के तकनीकी व सामाजिक पहलुओं से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

### एसआरयू ने मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की विरासत को सम्मानित करते हुए गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया।




इस आयोजन का उद्देश्य खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और छात्रों के जीवन में खेलों के महत्व को बढ़ावा देना था। दो दिवसीय इस समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के खेल परिसर में एक भव्य उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें छात्र, संकाय सदस्य और खेलप्रेमी एकत्रित हुए। इस अवसर पर प्रति-कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एसके सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने खेलों के महत्व पर एक प्रेरक भाषण दिया और मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान बैडमिंटन, कैरम, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, लेमन रेस, सेक रेस और रस्साकशी आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 300 से अधिक छात्रों ने इन खेल स्पर्धाओं में भाग लिया।

आवश्यकता है



हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969

हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

केले के छिलकों से बढ़ाएं पैरों की...

राष्ट्रीय कृषि अभियंता सम्मेलन : देशभर से पहुंचे इंजीनियर्स ने साझा किए अनुभव

# प्रदेश के किसान करते हैं सिर्फ धान पर फोकस गुड़गांव पैटर्न अपनाएं तो मिलेगा कई गुना रिटर्न

कृषि कार्य पारंपरिक तरीके से करने का दौर अब खत्म होने लगा है। अब किसान ड्रोन और सेंसर तकनीक बेस्ड खेती करने लगे हैं। इससे उनका समय और संसाधन भी बचने लगा है। फसल को नमी के हिसाब से पर्याप्त पानी देने के लिए वे तकनीक का इस्तेमाल करने लगे हैं। नई तकनीक का उपयोग करने से समतल जमीन सहित पहाड़ी क्षेत्र में भी 20 फीसदी से ज्यादा उत्पादन किसानों को मिलने लगा है। गुड़गांव और सिक्किम के लोग कृषि आधारित व्यवसाय से जुड़ने लगे हैं।






**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में कृषि अभियंताओं का दो दिवसीय 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार को शुरू हुआ। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए कई बड़े शहरों और राज्यों के जाने-माने कृषि इंजीनियर्स आए हुए हैं। इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी संकाय के संयुक्त तत्वावधान जारी सम्मेलन में हरिभूमि ने अलग-अलग शहरों से आए कृषि अभियंताओं से बात की। इसमें कृषि के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता को लेकर अपने अनुभव भी उन्होंने साझा किए। अभियंताओं ने बताया कि अब कृषि तकनीक बेस्ड हो गई है। इससे किसानों का समय-संसाधन बचता है।

## अब व्यवसाय बेस्ड हो रही खेती



आगरा में सेवा दे चुके इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अभियंता डॉ. बीएल सिन्हा ने बताया कि कृषि अब व्यवसाय बेस्ड होने लगी है। बड़े शहरों में किसान किस फल के लिए किस तरह की मिट्टी उपयोगी होगी, इसकी जानकारी लेने के बाद कृषि करने पर फोकस करने लगे हैं। अगर किसी के पास कृषि भूमि फलों व सब्जियों का उत्पादन करने के लिए बेस्ट है, तो अनाज की बजाय फल व सब्जी का उत्पादन करने लगे हैं। पहले पानी देते समय कई चीजों का ध्यान देना पड़ता था। माइक्रो ड्रीप सिस्टम के जरिए अब फसल को जितनी मात्रा में पानी चाहिए, उतना ही मिलता है। इसके बाद सेंसर स्वतः बंद हो जाता है।

## कृषि भूमि का आंकलन जरूरी



ओडिशा से आए कृषि अभियंता डॉ.एनके दास ने बताया कि अब किसान नई तकनीक का सहारा लेने के साथ ही कमर्शियल फसलों का या यूं कहें कि ज्यादा मुनाफा देने वाली खेती करने में रुचि लेने लगे हैं। अब वे पहाड़ी-मैदानी कृषि भूमि में जिस फसल का उत्पादन ज्यादा मिलने की संभावना होती है, उसका ही उत्पादन करना चाहते हैं। छग के लोग केवल धान की खेती पर फोकस करते हैं। अगर वे गुडगांव व अन्य राज्यों का भ्रमण करके वहां की कृषि व्यवस्था को देखें तो यहां के लोग भी ज्यादा आय देने वाली खेती को व्यवसायिक रूप दे सकते हैं। शासन को भी फोकस करते हुए मार्केट विकसित करना चाहिए।

## दवा, बीज भी ड्रोन से ही डाल रहे



भोपाल से आए सीआर मेहता ने बताया कि अब ड्रोन का इस्तेमाल सुरक्षा के लिए या लोकेशन की निगरानी करने के लिए ही नहीं बल्कि खेती के लिए भी होने लगा है। इसका उपयोग कृषक उन्नत खेती के लिए दवा, बीज और खाद डालने के लिए भी करने लगे हैं। फसल की स्थिति और पैदावार का आंकलन करने के लिए भी ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। सेंसर सिस्टम का उपयोग वे सिंचाई के लिए करते हैं। इससे जिस पौधे को जितनी मात्रा में पानी चाहिए, उतना ही डालते हैं। पहले ज्यादा पानी डालने से उन्हें नुकसान होता था। पानी की बर्बादी भी ज्यादा होती थी, इससे भी किसान बचने लगे हैं।

## पहाड़ी क्षेत्र में कृषि आसान



सिक्किम के कृषि अभियंता एनएस चौहान ने बताया कि समतल कृषि भूमि की अपेक्षा पर्वतीय व पहाड़ी इलाके में खेती करना नई तकनीक आने के बाद ज्यादा आसान हुआ है। पहले एक एकड़ एरिया में खेती करने के लिए कृषक को प्रति फसल 400 घंटा पसीना बहाना पड़ता था। इसके बाद भी उत्पादन कम मिलता था। अब प्रति फसल 100 घंटा मेहनत करने से भी उन्हें 20 फीसदी से भी ज्यादा उत्पादन मिलने लगा है। यह फायदा समतल भूमि में कृषि करने वालों को भी मिल रहा है। पर्वतीय क्षेत्र में बुश कटर जैसी छोटी मशीनों का उपयोग करने से कृषि बेहतर होने लगी है। कृषक ड्रोन-सेंसर के माध्यम से उन्नत फसल पाने लगे हैं।

---

सिटी इवेंट

## पुरानी किताबों के बदले पाठक खरीद सकते हैं नई किताब



**रायपुर।** किताब लवर्स द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। शहर स्थित मैग्नेटो मॉल में आयोजित इस प्रदर्शनी का समापन रविवार को होगा। प्रर्दशनी में किताब प्रेमी अपनी पुरानी किताबों के बदले नए किताबों की खरीदी कर सकते हैं। इसमें कई प्रतिष्ठित प्रकाशन की किताबें शामिल हैं। इनमें हिंदी के पुराने प्रकाशन की पुस्तकें शामिल हैं। साथ ही पेंगुइन के हिंदी पुस्तकें, भारत की शीर्ष 50 ट्रेंडिंग किताबें व शेयर मार्केट की किताबें प्रदर्शनी में लाई गई हैं।

### 20 से अधिक शैलियों में किताबें

संचालक राहुल पांडे ने बताया, प्रदर्शनी में 20 से अधिक शैलियों में किताब मौजूद हैं। प्रदर्शनी में 10 लाख से अधिक किताबें लाई गई हैं, जो किताब प्रेमियों के लोकप्रिय लेखकों की हैं। शुक्रवार को शाम 5 बजे लेखक रविंदर सिंग प्रदर्शनी में शामिल होंगे। पुस्तक मेले में 'लोड द बॉक्स' के कॉन्सेप्ट में खरीदारी की जा सकती है। जिसमें किताब लवर्स अपने मनपसंद किताब की खरीदी निश्चित कीमत में कर सकते हैं। इसमें 1200, 3000 रुपए में बॉक्स भरकर किताबों की खरीदी कर सकते हैं। किताब मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए किताबें मौजूद हैं।

समाज इवेंट

## देशभर के ज्योतिष 8 विधाओं में देंगे परामर्श, सेमिनार में होगी चर्चा



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में पहली बार देशभर के 15 जाने-माने ज्योतिषों के लिए सेमिनार का आयोजन होने वाला है। इसमें जो लोग अपनी व्यक्तिगत समस्याएं लेकर आएंगे, उन्हें समाधान भी दिया जाएगा। इसके लिए लोगों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद वे कुंडली, वैदिक ज्योतिष, तंत्र, शक्तिपाल तंत्र, रमल, टैरो, हस्तरेखा, सम्मोहन, पूर्वजन्म दर्शन के साथ ही वास्तु के विशेषज्ञों से भी जरूरी परामर्श ले सकेंगे। यह जानकारी गुरुवार को पत्रकार वार्ता में डॉ.आशुतोष पांडे, डॉ.प्रफुल्ल रंजन हलधर ने दी। उन्होंने बताया कि सेमिनार सिद्धाश्रम यज्ञ क्रांति परिषद द्वारा किया जाएगा।

### एक सितंबर को जुटेंगे ज्योतिष

डॉ.पांडे ने बताया कि ज्योतिष एवं विज्ञान के प्रसिद्ध विद्वानों का एक परिसंवाद भी होगा। इसमें आम लोग विद्वानों से अपनी समस्याओं के बारे में परामर्श भी ले सकते हैं। एक सितंबर को विद्वानों के विचारों का लाभ सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ले सकते हैं। इस आयोजन में ज्योतिष पद्म विभूषण, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ज्योतिष एवं तंत्र के विद्वान मौजूद रहेंगे। जिनको परिवार व व्यक्ति के बारे में चर्चा करनी होगी, उनके लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, लेकिन लोगों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

लाइव इवेंट

## रेलवे टेक्नीशियन के लिए पुनः आवेदन, पदों में हुई बढ़ोत्तरी



**रायपुर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से टेक्नीशियन के 9 हजार पदों पर निकाली गई थी, जिसमें अब बढ़ोत्तरी की गई है। बोर्ड की ओर से जारी की गई नयी अधिसूचना के मुताबिक अब इस भर्ती के माध्यम से टेक्नीशियन के कुल 14 हजार 298 पदों पर भर्ती की जाएगी। पदों में बढ़ोत्तरी के साथ ही आरआरबी की ओर से आवेदन प्रक्रिया भी दोबारा से 15 दिनों के लिए ओपन की जाएगी। आवेदन शुरू होते ही नए अभ्यर्थी तय तिथियों में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। जो उम्मीदवार पहले आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

### 40 कैटेगरी के अंतर्गत होगी भर्ती

आरआरबी की ओर से यह भर्ती पहले 18 कैटेगरी के तहत 9 हजार 144 पदों पर निकाली गई थी। अब आरआरबी की ओर 40 कैटेगरी के तहत 14 हजार 298 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। टेक्नीशियन ग्रेड 1 सिग्नलः 1092 पद, टेक्नीशियन ग्रेड 3 ओपन लाइन 8052 व टेक्नीशियन ग्रेड 3 वर्कशॉप 5154 पद के लिए आदेवन कर सकते हैं। इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों ने पदानुसार मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से 10वीं के साथ आईटीआई, संबंधित क्षेत्र में बीएससी, बीई, बीटेक अथवा 3 वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा किया हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु पदानुसार 33 से 36 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना 1 जुलाई 2024 को ध्यान में रखकर की जाएगी।

---

# पोस्टर बनाकर समझाया- एड्स पर बात करना क्यों जरूरी, रंगोली में बताए बीमारियों के लक्षण

**रायपुर।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में बोरियाखुर्द, डुंडा, लालपुर, रोहिणिपुरम, मोतीबाग सहित 6 जगहों पर एचआईवी एड्स एवं उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसमें 600 से अधिक युवा एवं 50 से अधिक युवा मंडलों को सही जानकारी एवं उपाय बताकर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं को यौन जनित संक्रमणों के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के साथ ही एचआईवी, एड्स के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि किन कारणों से इस बीमारी होने का खतरा होता है। विशेषज्ञों ने कहा कि इस बीमारी से बचने के लिए युवाओं के पास सही व संपूर्ण जानकारी होना जरूरी है।







### सुरक्षा क्लिनिक की मदद ले सकते हैं युवा

इस बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए शासन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की भी विस्तृत जानकारी युवाओं को दी गई। जिला अस्पताल समेत विकासखंड स्तर पर भी केंद्र स्थापित है, जहां जाकर इसके संबंध में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। इसके अलावा यौन जनित संक्रमणों व जननांगों की अन्य समस्याओं के निदान व जानकारी के लिए जिला अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक स्थापित है। युवाओं को नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1097 एवं मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को प्रोजेक्टर पर लघु फिल्मों का प्रसारण करके दिखाया गया व पीपीटी के माध्यम से चित्र समेत जानकारियां दी गईं।

### नई पीढ़ी की सक्रिय भूमिका आवश्यक

इसके साथ ही युवाओं ने चित्रकारी और रंगोली के माध्यम से एड्स पर आमजनों को जागरूक किया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी ने बताया की युवाओं के पास सही और सशक्त जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया की एड्स जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम के लिए नई युवा पीढ़ी की सक्रिय भूमिका होना जरूरी है। दुर्गा कॉलेज की सहायक प्राध्यापक सुनीता चांसोरिया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए एचआईवी रोकथाम से संबंधित जानकारी साझा की। नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने भी भागीदारी निभाई।



## तीन दिवसीय निशुल्क मेहंदी वर्कशॉप आज से

**रायपुर।** नालंदा परिसर स्थित कला केंद्र परिसर स्थित छपाक इंस्टिट्यूट में तीन दिवसीय निशुल्क मेहंदी वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। 29 अगस्त से आयोजित वर्कशॉप का समापन 31 अगस्त को होगा। इस दौरान दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक नियमित रुप से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वर्कशॉप में विनिता वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें मेहंदी के बारीक व लोकप्रिय डिजाइन के विषय में बताया जाएगा। मेहंदी की बेसिक डिजाइन से प्रशिक्षण की शुरुआत होगी। इसके बाद अन्य शैलियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक आयु वर्ग के सदस्य इसमें शामिल हो सकते हैं।

---

28 जुलाई को हुई थी परीक्षा, दोनों परीक्षाओं में पूछे गए थे 100-100 सवाल

कार्नर न्यूज

# एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के परिणाम जारी अगले माह शुरु होगी काउंसिलिंग, मेरिट लिस्ट भी घोषित

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के परिणामों की घोषणा गुरुवार को करने के साथ ही व्यापम ने दोनों ही प्रवेश परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट भी घोषित कर दी है। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट में जाकर अपने परिणाम देख सकते हैं। परिणाम जारी किए जाने के बाद अब अगले माह से इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग की शुरुआत होगी।

व्यापम ने यह परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की थी। इसके बाद 12 अगस्त को मॉडल आंसर जारी कर 20 अगस्त तक दावा आपत्ति मंगाई गई थी। व्यापम ने अब दावा आपत्तियों के निराकरण पश्चात अंतिम उत्तर और नतीजे जारी किए हैं। व्यापम ने दो पालियों में नर्सिंग प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की थी। एमएससी नर्सिंग के लिए 5 हजार 615 छात्रों ने




आवेदन किया था, इनमें से सिर्फ 42.24% ही परीक्षा में शामिल हुए। पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए 7 हजार 189 आवेदन मिले थे, इनमें से सिर्फ 21.95% ने ही परीक्षा दिलाई। दोनों ही प्रवेश परीक्षाओं में व्यापम ने 100-100 सवाल पूछे, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए आवेदन प्रारंभ

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। जो उम्मीदवार इसमें एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं, वह जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाकर जेएनवी कक्षा 6 एडमिशन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर तक है। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन करने उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाना होगा।

### कर्मचारी चयन आयोग पहली चरण की परीक्षा लेगा 9 से 26 सितंबर तक

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2024 के पहले चरण में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। आयोग द्वारा विभिन्न रीजन के अनुसार संबंधित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी किए जा रहे हैं। ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने सीजीएल परीक्षा 2024 के लिए आवेदन किया है, वे अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अपने संबंधित रीजन के लिए एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें। कर्मचारी चयन आयोग ने विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी है। आयोग की अधिसूचना के मुताबिक टियर-1 का आयोजन 9 सितंबर से 26 सितंबर तक किया जाना है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

## सिटी लाइव

# 125 स्कूल-कॉलेजों में प्रशिक्षण पेड़ों को संरक्षित करने मिलेंगे टिप्स



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था ग्रीन आर्मी अब रायपुर सहित प्रदेश के 125 शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए वंदे मातरम प्रशिक्षण कार्यशाला करने वाली है। इसका शुभारंभ 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे समता कॉलोनी स्थित मैक में किया जाएगा। 45 मिनट चलने वाले प्रशिक्षण कार्यशाला का विषय पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका है। गुरुवार को पत्रकार वार्ता में ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा रायपुर के 110 व अन्य जिलों के 15 शैक्षणिक संस्थानों में शनिवार को 45 मिनट की कार्यशाला की जाएगी।

### 250 प्रशिक्षक व सदस्य तय

संस्था द्वारा प्रशिक्षकों को विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका बताने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इस सेमिनार के लिए 125 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है। इनके साथ 125 सदस्य सहयोग के लिए जाएंगे। कार्यशाला में बताया जाएगा कि वे एक पेड़ मां के नाम रोपने के साथ किस तरह से उसे बड़ा होते तक देखभाल करें। ऐसा करके वे पर्यावरण संरक्षण में किस तरह से योगदान दे सकते हैं। उन्हें इसके बारे में प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्कूल-कॉलेज परिसर में पौधारोपण करवाया जाएगा।

## कैंपस लाइव

# दसवीं कक्षा के बाद टर्निंग प्वाइंट अच्छी आदतें विकसित करें छात्र



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित चैंपियन स्कूल में ट्रैफिक रुल्स संबंधित कार्यशाला सिंधी काउंसिल और ट्रैफिक पुलिस द्वारा रखी गई। यहां बच्चों को ट्रैफिक नियमों सहित अन्य जानकारियां दी गईं। विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चों का टर्निंग प्वाइंट क्लास दसवीं के बाद होता है। इसके बाद उसको अच्छी और बुरी आदत की लत लग सकती है। हमकों बुरी चीजों से दूर रहकर अच्छी बातें अपने जीवन में अपनानी है। मोटिवेशनल स्पीकर संगीता मोगरे ने कहा बच्चो खेल में विशेष रुचि लें, इससे आप शारीरिक एवं मानसिक दोनों रुप से मजबूत होंगे।

### जंगल सफारी सिखाएगा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी

नंदनवन जंगल सफारी में 1 सितंबर को वाइल्डलाइफ और प्रकृति आधारित फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला कैनन टीम के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जहां कैनन विशेषज्ञ प्रतिभागियों को फोटोग्राफी के बुनियादी तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पहले फोटोग्राफी की तकनीक और कैमरे के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल के लिए जंगल सफारी के सुंदर स्थलों पर ले जाया जाएगा, जहां वे वन्यजीवों और प्राकृतिक दृश्यों की फोटोग्राफी कर सकेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवाओं और नागरिकों को एक उत्कृष्ट तकनीकी कौशल प्रदान करना है, साथ ही उन्हें वन्यजीवों और प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

## एजूकेशन अपडेट

# रविवि के प्राकृतिक विज्ञान विद्यार्थी चेक गणराज्य विवि में करेंगे शोध



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय तथा चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेस के मध्य स्थापित हुए एमओयू के अंतर्गत यूरोपीय संघ द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित ईरास्मस प्लस परियोजना के तहत एक द्विपक्षीय शोध एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवि के रसायन अध्ययनशाला के प्रोफेसर डॉ. मानस कान्ति देब ने इस विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र एवं शिक्षक उच्च स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण कर पाएंगे। 'ईरास्मस प्लस' योजना अंतराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, प्रशिक्षण, युवाओं और खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का यूरोपीय संघ का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गतिशीलता और सहयोग के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

### 25 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे छात्र


विवि ने कहा कि इससे छात्रों के शैक्षणिक, सामाजिक, व्यक्तिगत और व्यावसायिक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण की वृद्धि होगी और साथ ही रोजगार क्षमता में सुधार होगा। चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेस की डॉ. मार्केटा हौण्ड्कोवा ने भी इसे लेकर खुशी जताई है। रविवि के प्राकृतिक विज्ञान और कृषि में विशेषज्ञता रखने वाले चयनित अभ्यर्थी अगले साल जनवरी से अप्रैल माह में चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंसेस में जाकर शोध कर सकेंगे। इस योजना में चयनित छात्र अभ्यर्थी की गतिशीलता की दो माह की अवधि छात्र को अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक क्रेडिट का भी लाभ देगा। चयनित छात्र एवं शिक्षकों को वित्तीय अनुदान भी दिया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तथा आवेदन पत्र का स्वरूप विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाइट में उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 सितंबर है।

---

● राज्य खेल अलंकरण : पदक विजेताओं, प्रशिक्षक व खेल विभूतियों को बांटी गई 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार की राशि

# हाथ गंवाया तो टूटी उम्मीद, पैरा एथलेटिक्स को संघर्ष करता देख थामी तलवार, प्राइवेट जॉब कर तीन साल लगातार जीता गोल्ड

*राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह में जब खिलाड़ियों को सम्मान मिला तो सभी के चेहरे खिल उठे। खिलाड़ियों ने यह सम्मान अपने संघर्षों को समर्पित किया। नेशनल प्रतियोगिताओं में दिव्यांग खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, जूडो और एथलेटिक्स खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी को चकित कर दिया।*



### पैर नहीं, पर तलवारबाजी में चैंपियन

महिला सीनियर की दिव्यांग व्हीलचेयर फेंसिंग टीम को समारोह में मुख्यमंत्री ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। बातचीत में टीम की खिलाड़ी रोहणी साहू ने बताया कि बचपन से चलने में असमर्थ होने के कारण कभी सोचा नहीं था कि तलवार पकड़ सकूंगी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लूंगी। कोच डॉ.आर.साहू ने घर आकर खेल के प्रति जोड़ने का प्रयास किया। शुरुआत के सालभर बेहद मुश्किल रहे। कई बार व्हीलचेयर से गिर जाती थी। गंभीर चोट भी आई, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। हरियाणा में जब नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पद जीता, तब वह जीवन का सबसे यादगार दिन था। खेल ने दुनिया दिखाई। खेल से जुड़ने के बाद ही अपने शहर से निकलकर दूसरे शहर भी देख सकी। मेरे लिए प्रतियोगिता के बाद सम्मान तक ही यात्रा संघर्षों से भरी रही। खिलाड़ी सीता साहू ने बताया कि फेंसिंग में सीखाने में कोच की भूमिका सबसे अधिक होती है। जब मैंने खेलना शुरू किया तो सालभर मुझे इस खेल से जुड़ने में लगा। अब पूरी तरह से अभ्यस्त हो चुकी हूं। पैर नहीं हैं, लेकिन अगर कोई मेरे पास खड़ा है, उसे हराने में मुझे सेकंड लगेगा।

### हाथ गंवाने से हौसला टूटा फेंसिंग से बढ़ा आत्मविश्वास



बिलासपुर की स्वाति साहू को तलवारबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समारोह में नकद पुरस्कार दिया गया। बातचीत में स्वाति ने बताया कि बचपन से ही खेल के प्रति अधिक लगाव रहा है। हाथ गंवाने के बाद हौसला टूट गया। एक समय के लिए खेल को अलविदा कह चुकी थी, लेकिन जब मैंने पैरा एथलेटिक्स को संघर्ष करते हुए देखा, तब मुझे नई शुरुआत करने की प्रेरणा मिली। एक हाथ से तलवारबाजी करना आसान नहीं था, लेकिन जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं, जिसे किया न जा सके। मैंने भी घर पर अकेले मेहनत करनी शुरू किी और खुद को पहले छोटी प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। पहले हार मिली, लेकिन जब हाथ तलवारबाजी के लिए तैयार हो गया, उसके बाद जीत मिलने लगी। नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। अपने संघर्षों से मोटिवेट होती हूं।

**रायपुर।** खिलाड़ियों का कहना है कि अगर ईश्वर ने कुछ छीना है तो जीवन में उससे भी अधिक दिया है। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 2021-22 व 2022-23 के लिए 97 पुरस्कार ग्राही खिलाड़ियों को 76 लाख नकद राशि और अलंकरण से सम्मानित किया। इसके अलावा पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख डाले गए। खिलाड़ियों को 1 करोड़ 36 लाख 33 हजार जारी किए गए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, खेल मंत्री टंकराम वर्मा समेत कैबिनेट मंत्री और खेल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### काम के साथ खेल, तीन साल लगातार जीता गोल्ड



खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन से समाज से मान-सम्मान मिल सकता है, लेकिन घरखर्च के लिए काम करना ही पड़ता है। शहर के बीरू बाध को शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बातचीत में उन्होंने बताया कि 15 सालों से सॉफ्टबॉल खेल रहा हूं। बीते 7 साल खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया है। तीन सालों में लगातार 3 गोल्ड मेडल हासिल किया है। बीरू का कहना है कि प्राइवेट जॉब के साथ लगातार खेलते रहना थोड़ा मुश्किल होता है। रोजाना 6 से 10 खेल को समय देता हूं। छुट्टी के दिनों में घूमने या दोस्तों के साथ समय बिताने की जगह खेल को अधिक प्राथमिकता देता हूं। डाइट में फल, ड्राईफ्रूट और घरेलू भोजन लेता हूं। 2022 में जापान के साथ देश के विभिन्न राज्यों में नेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर गोल्ड व रजत व कांस्य हासिल किया है। एक खिलाड़ी का घर सम्मान से नहीं, नौकरी से चलता है। उत्कृष्ट खेल के लिए सम्मान मिलना केवल एक दिन की खुशी के सामान है, जीवन का सत्य यही है कि घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने एक खिलाड़ी को आज रोज संघर्ष करना पड़ा है।

---

# भगवान का स्थान मंदिर में, उन्हें मोबाइल में बैठा दिया



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर के मेघ-सीता भवन में गुरूवार को दादा गुरूदेव की इकतीसा शुरू हुई।

मंदिर में सुबह गाजे-बाजे के साथ दादा गुरूदेव की प्रतिमा, अखंड दीपक और कलश की स्थापना की गई। पूज्य पंन्यास श्रमणतिलक विजय जी आदि ठाणा की पावन निश्रा में मंत्रोच्चार के साथ लाभार्थी परिवारों ने गुरूदेव की प्रतिमा, 11 दिनों तक जलने वाले अखंड दीपक और चांदी के कलश की स्थापना की और तोरण लगाया गया। वर्धमान जैन मंदिर में आज दादा गुरूदेव का इकतीसा जाप शुरू हो चुका है, जो 8 सितंबर चक चलेगा।

### चातुर्मास में लेते हैं मोक्ष की शिक्षा

वर्धमान जैन मंदिर में चल रहे आत्मकल्याण वर्षावास की प्रवचन श्रृंखला में श्रमणतिलक विजय ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन का सार बताते हुए कहा कि चातुर्मास के दौरान हम जीवन जीने और मोक्ष को प्राप्त करने की शिक्षा लेते हैं। इन चार महीनों में हमें अपने जीवन को धन्य कर लेना है, आत्मा को पुण्य बनाना है। जबकि आज लोग इसके उलट काम करते हैं, भगवान का स्थान मंदिर में होना चाहिए तो आज उन्हें मोबाइल में लाकर बैठा दिया गया है। यह भगवान के लिए बहुत ही नीचे का स्थान है, ऐसा नहीं करना चाहिए। इस दौरान श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज और आत्मकल्याण वर्षावास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा उपस्थित रहे।

# 40 दिनों तक रखा व्रत, चालीहा उत्सव में सिंधी नृत्यों की रही धूम

**रायपुर।** 40 दिनों के व्रत उपवास के पश्चात चालीहा महोत्सव के समापन के अवसर पर अहमदाबाद के संत साईं सेहरा वाले के अगुवाई में तेलीबांधा से भव्य जुलूस निकाला गया। 151 आस की मटकियां, 201 ज्योत तथा 31 बहराणे साहब के साथ लगभग 500 श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ भव्य जुलूस निकाली गई। जहां युवाओं की टोली नृत्य करती हुई चल रही थी, वहीं महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। वे भी सिंधी लोकगीतों पर नृत्य करती हुई चल रही थी। पूरे जोश के साथ जय झूलेलाल के जयकारों के साथ जुलूस मरीन ड्राइव पर पहुंचा।



### झूलेलाल की हुई भव्य महाआरती

मरीन ड्राइव में वरुण अवतार भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती की गई। भक्तों का उत्साह इस दौरान देखने लायक रहा। महाआरती में लगभग 500 श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। उसके पश्चात आस की मटकी व बहराणे साहब का विसर्जन किया गया। सभी श्रद्धालुओं के बीच में प्रसादी वितरण भी संत द्वारा अपने हाथों से किया गया। जुलूस में मुख्य रूप से छग सिंधी पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी, मुकेश थावानी, आनंद कुकरेजा, बलराम आहूजा सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

# आज जुटेंगे देशभर के शिशु रोग विशेषज्ञ, साझा करेंगे तकनीक

**रायपुर।** राजधानी में देशभर के शिशु रोग विशेषज्ञों का सम्मेलन छत्तीसगढ़ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के तत्वाधान में 30, 31 अगस्त वह 1 सितंबर को होने जा रहा है। आयोजन के अध्यक्ष डॉ.अनूप वर्मा ने बताया कि आयोजन की शुरुआत तेलीबांधा स्थित होटल ट्राइटोन में वर्कशॉप से होगी।



छत्तीसगढ़ अकादमी की प्रेसिडेंट डॉ.किरण मखीजा ने बताया कि प्रत्येक वर्कशॉप में 50 शिशु रोग विशेषज्ञ को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें सभी से नई तकनीक व इलाज की जानकारी साझा की जाएगी, जिससे बच्चों के उपचार में मदद मिल सके। 30 अगस्त से सम्मेलन की शुरुआत होगी, जो कि एक सितंबर तक चलेगी। इसमें देशभर से इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक से जुड़े हुए करीब 400 शिशु चिकित्सक सम्मिलित होंगे।

### बच्चों से संबंधित रोगों पर होगी चर्चा

सीजीएपी के कोषाध्यक्ष डॉ.निलय मोझरकर ने बताया कि देश व प्रदेश के 100 से ज्यादा शिशु रोग विशेषज्ञ बच्चों के रोगों से संबंधित अलग-अलग विषय पर अपना प्रेजेंटेशन देंगे। इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इन बीमारियों से संबंधित नई तकनीक भी बताए जाएंगे। जिससे प्रदेश में बाल चिकित्सा को और बेहतर बनाया जा सके। उप सम्मेलन में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.बसवा राजा मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही आगामी वर्ष के के अध्यक्ष डॉ.वसंत खलतकर एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सीपी बंसल अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

---

तीज महोत्सव : रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सभी क्षेत्रों की जोशीली भागीदारी

# चूड़ी भी जिद पर आई है... सावन गीतों पर सखियों संग थिरकीं महिलाएं तो निखर आया संस्कृति का सौंदर्य

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सावन में मोरनी बनकर मैं नाचूं.., चूड़ी भी जिद पर आई है, पायल ने शोर मचाया है... जैसे सावन के कई गीतों से सजी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। स्टेज पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों के साथ दर्शक दीर्घा में बैठीं महिलाएं भी इन गीतों पर झूम उठीं। यह नजारा महाराष्ट्र मंडल में गुरुवार की शाम को तात्यापारा और बूढ़ापारा केंद्र द्वारा आयोजित तीज महोत्सव का रहा।

युवाओं को संस्कृति व परंपराओं से जोड़ने के लिए वाण सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। इसमें 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डंगनिया केंद्र की पूर्णिमा भावे सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए विजेता रहीं। वहीं सरोना केंद्र की वैशाली जोशी उप विजेता और टाटीबंध केंद्र की स्नेहल खरे तीसरे स्थान पर रहीं।



### सौंदर्य उत्पादों का स्टॉल

कार्यक्रम की संयोजक अपर्णा मोघे और आराधना शेष ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अथिति डॉ. प्रीति सक्सेना और गीता कनायत थीं, जबकि वाण सजाओ स्पर्धा की जज अंजलि म्हस्के रहीं। तीज महोत्सव की मंडल से जुड़ी कुछ उद्यमी महिलाओं ने सौदर्य सामानों का स्टॉल भी लगाया था। इनमें हस्त निर्मित वस्तुओं को जगह दी गई थी। इसे भी महिलाओं का अच्छा प्रतिसाद मिला। प्रत्येक आयु वर्ग की महिलाओं ने इसकी खरीदी की। तीज को लेकर महिला सदस्यों का उत्साह देखने लायक रहा। लोगों को आपस में जोड़ने और अपनी संस्कृति-सभ्यता को बनाए रखने यह आयोजन किया गया।

### शिव तांडव की अद्भुत प्रस्तुति



कार्यक्रम के संयोजक तात्यापारा और बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने संगीतमय शिव तांडव स्तोत्र की जानदार प्रस्तुति दी, जिसने पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय कर दिया। उसके बाद हुई नए-पुराने गीतों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। मंडल के सभी 16 केंद्रों की टीम ने एक से बढ़कर प्रस्तुति दी। इस दौरान युवाओं की टोली के साथ बुजुर्ग महिलाओं ने पुराने सदाबहार फिल्मी गीतों की तूफानी प्रस्तुतियों से संत ज्ञानेश्वर सभागृह में जोश भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर वाण सजाओ स्पर्धा के विजेताओं के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के अनुज ने बनाए शानदार 114 रन



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 15 अगस्त से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनीयर टीम का दूसरा मैच (27 से 30 अगस्त) नाथम, तमिलनाडु में बडौदा के विरुद्ध गुरुवार को खेला गया। तीसरे दिन के इस खेल में बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बडौदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 106.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 327 रन बनाये। बडौदा की ओर से निनाद ने शतक लगाते हुये षानदार 105 रन तथा विश्णु सोलंकी ने 52 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह ने 6 विकेट तथा वासुदेव बरेथ ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ अपनी पहली पारी में 136.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 427 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने सर्वाधिक 114 रन बनाये तथा गगनदीप सिंह ने 77 रनो का योगदान दिया। अमनदीप खरे ने 66 रन तथा आयुश पांडे ने 52 रनों की महज्वपूर्ण पारी भी खेली। वही बडौदा की ओर से राज लिबांनी तथा भार्गव भट्ट ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक बडौदा ने अपनी दुसरी पारी में 2 ओवरों में बिना विकेट के 9 रन बना लिये हैं। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 91 रनों की बढत प्राप्त कर ली है।

### होमलेस वर्ल्ड कप फुटबॉल में हिस्सा लेने साउथ कोरिया जाएगी रायपुर की संजना




**रायपुर।** कटोरा तालाब रायपुर निवासी संजना छुरा का चयन आगामी 21 से 28 सितंबर तक साउथ कोरिया में होने वाले होमलेस वर्ल्ड कप फुटबॉल मैच में हुआ है। संजना की इस उपलब्धि से उत्कल समाज में हर्ष है। संजना छुरा बचपन से ही फुटबॉल खेल रही है जिसमें कई सारे राष्ट्रीय फुटबॉल मैचों में अपना बेहतर प्रदर्शन दिखा चुकी है। यही कारण है कि संजना का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। क्रीड़ा विकास संस्थान नागपुर के सीईओ डॉ अभिजीत ने 22 अगस्त को संजना छुरा के नाम से पत्र जारी करते हुए चयन की जानकारी दी है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि सिर्फ एक परिवार या समाज का नहीं बल्कि इससे हमारे शहर, प्रदेश और देश का नाम भी रोशन हुआ है।

### मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। उद्घाटन समारोह में छात्र, संकाय सदस्य और खेल प्रेमी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में प्रति–कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो.एस.के. सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। यूनिवर्सिटी में बैडमिंटन, कैरम और वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स, लेमन रेस, सेक रेस और रस्साकशी सहित विभिन्न खेल गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें 300 से अधिक स्टूडेंट की भागीदारी रही। शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ सुमित कुमार तिवारी ने मेजर ध्यानंद की जीवनी से सभी को रूबरू कराया।

### पावर लिफ्टिंग में रेलवे की खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि



**रायपुर।** 50 वीं सीनियर राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन कोलकाता में 20 से 25 अगस्त तक किया गया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के चार खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें भारतीय रेलवे टीम की रेशमा देवी ने 69 किलोग्राम वर्ग में प्रथम, भारतीय रेलवे टीम की बिजिन सेनकी ने 83 किलोग्राम में द्वितीय और छत्तीसगढ़ राज्य टीम से ममता रजक ने 57 किलोग्राम में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं भारतीय रेलवे टीम की जाह्नवी जगदीश 76 किलोग्राम वर्ग रिजर्व एथलीट के तौर पर रही। पश्चिम रेलवे खेल संघ द्वारा 71 वीं पुरुष एवं 10वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे भारत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन 25 से 28 अगस्त तक महालक्ष्मी स्पोर्ट्स कंपलेक्स मुंबई में हुआ। जिसमें दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ के दो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें रायपुर डिवीजन में टीसी/सीसी के पद पर कार्यरत वी. राजेश्वरी ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

### शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी असर डाल रहा काम का दबाव

# काम का दबाव दे रहा कई स्वास्थ्य समस्याएं, प्रभावित हो रही निजी जिंदगी

एक वक्त था, जब ऑफिस का काम ज्यादा होने के बाद भी वर्कलोड ज्यादा नहीं होता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि उस समय ऑफिस वर्क बस ऑफिस तक ही सीमित होता था। मगर कोरोना के बाद से आलम कुछ ऐसा है कि ऑफिस वर्क लोगों की शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत पर भी अत्यधिक असर डाल रहा है। पुरुष हो या महिला, दोनों की जिंदगी में काम का तनाव इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उनकी निजी जिंदगी इससे प्रभावित होने लगी है। वे ऑफिस वर्क को मैनेज नहीं कर पा रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत, दोनों खराब हो रही हैं। दफ्तर की नौ घंटे की स्ट्रेसफुल टाइमिंग, बॉस का दबाव, मैनेजमेंट की मुश्किल, समय-सीमा, ग्राहक का फीडबैक आदि दिक्कतों की वजह से ऑफिस स्ट्रेस बढ़ता ही जा रहा है। इस वर्क स्ट्रेस की वजह से लोग कई तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, जैसे कि तनाव, अवसाद, ब्लड प्रेशर की समस्या, डायबिटीज, मोटापा, थकान, नींद की कमी और दिल की बीमारियां आदि। दफ्तर में बढ़ते काम का दबाव युवाओं में तनाव की गंभीर समस्या को जन्म दे रहा है। इस तनाव की वजह से सोचने और समझने की क्षमता कम हो रही है। साथ ही कार्यक्षमता और रचनात्मकता भी कम हो रही है। आपको जब भी तनाव होता है तो आप चिड़चिड़ी-सी हो जाती हैं। किसी से बात करने का मन नहीं करता, घर वालों और दोस्तों से ढंग से बात भी नहीं हो पाती। दफ्तर में लंबे समय तक काम करना, रात की शिफ्ट में काम करना, काम का दबाव और हमेशा बढ़ती मांगों के कारण आप तनाव में आ जाती हैं। तनाव का स्तर एक सीमा से ज्यादा बढ़ जाने पर यह दिमाग और शरीर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है, जो ठीक नहीं है।



#### क्या कहते हैं शोध



बेंगलुरु की एक हेल्थकेयर कंपनी ने 'कर्मचारियों की भावनात्मक स्वास्थ्य स्थिति' विषय पर अपने ताजा सर्वे में पाया कि 21 से 30 साल के बीच के कर्मचारी सबसे ज्यादा तनावग्रस्त रहते हैं। पिछले महीने ही किए गए इस सर्वे में पांच हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आईटी और विनिर्माण, परिवहन, स्टाफ भर्ती तकनीक, मीडिया, कानूनी सेवाओं, व्यवसाय परामर्श और अन्य सेवाओं के कई सेक्टर्स के कर्मचारी शामिल थे। सर्वे के अनुसार, तनावग्रस्त कर्मचारियों में दूसरे नंबर पर 30 से 40 वर्ष की आयु के लोग हैं और फिर 41-50 वर्ष की आयु के लोग हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक तनाव होता है। लगभग तीन-चौथाई या 72.2 प्रतिशत महिलाओं ने हाई टेंशन के बारे में बताया।

**कारणों की पहचान:** दफ्तर में कौन-सी स्थिति आपको तनाव में डालती है, इसे पहचानने की कोशिश करें। किस बात से स्ट्रेस ट्रिगर हो रहा है, उसे जानने का प्रयास करें। चाहें तो रोज घर आकर एक डायरी में अपने दिन भर के और दफ्तर के अनुभवों को लिखें। इससे आपको तनाव के कारण को पहचानने में मदद मिलेगी और आप उससे निपटने में सक्षम हो पाएंगी।

**सकारात्मक विचार:** एक बार आपको तनाव का कारण पता चल जाए तो उस स्थिति से कैसे निपटना है, इसके लिए नकारात्मक रास्ता चुनने की जगह उससे कैसे सकारात्मक तरीके से निपटा जाए, इस बारे में सोचें। उदाहरण के लिए, अगर दफ्तर में किसी साथी से झगड़ा हो जाता है तो अगले दिन जाकर उससे शांति से बात करें।



## रातों की नींद उड़ गई हैं तो अपनाएं देसी नुस्खे

तनाव या फिर अन्य कई वजहों से नींद आने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप इस देसी नुस्खे की मदद ले सकती हैं। हालांकि, अगर आपको नींद आने में ज्यादा परेशानी होती है, तो इसके पीछे का कारण जरूर जानें। दिन भर के काम के बाद शरीर को रेस्ट देने और सही तरह के फंक्शन करने के लिए पूरी नींद बहुत जरूरी होती है। नींद पूरी न होने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। सोते वक्त फोन चलाना, तनाव की वजह से करवटे बदलना या फिर और भी कई कारण हैं, जिनके चलते नींद आने में मुश्किल होकी है। नींद न आना केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक सेहत को भी खराब कर सकता है। शरीर को जब पूरा आराम नहीं मिल पाता है, तो डाइजेशन भी खराब हो जाता है और हम अपनी क्षमता के अनुसार, काम भी नहीं कर पाते हैं। अगर आपको भी नींद न आने की परेशानी है, तो यह नुस्खा आपकी मदद कर सकता है। इस तरह के कई नुस्खे, हर भारतीय घर में आजमाए जाते रहे हैं। इस नुस्खे के बारे में हमने डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर से भी बात की और उन्होंने भी इसे सटीक माना। आइए जानते हैं इस खास नुस्खे के बारे में।

**नींद आने के लिए देसी नुस्खा**-अगर आप भी नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, तो आपको इस देसी नुस्खे की मदद लेनी चाहिए। अच्छी नींद के लिए 2 हरी इलायची को गुनगुने पानी के साथ लें। इससे आपको नेचुरल तरीके से नींद आएगी।साथ ही, खर्राटों की समस्या भी दूर होगी। आपको रोजाना सोते वक्त ऐसा करना है। इलाचयी स्ट्रेस और एंग्जायटी को कम कर, नींद आने में मदद करती है। यह सोते समय मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाती है, जिससे डाइजेशन सुधरता है।

### कार्नर न्यूज

### एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज जारी

# पोहाने, लव, इशा और अनिका फाइनल में पहुंचे, शानदार प्रदर्शन किया खिलाड़ियों ने

**रायपुर।** भिलाई टेनिस कॉम्प्लेक्स में चल रहे एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस 7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 के चौथे दिन गुरुवार को सेमीफाइनल मुकाबलों में दर्शकों को शानदार खेल देखने मिला। एक से बढ़कर एक युवा टेनिस प्रतिभाओं ने फाइनल में जगह बनाने के लिए जबरदस्त प्रदर्शन किया।

बालक एकल अंडर-14 श्रेणी में महाराष्ट्र के हेरंब पोहाने ने मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना के खिलाफ कठिन चुनौती का सामना किया। तीन सेटों के बाद, पोहाने ने 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। उनके साथ महाराष्ट्र के लव परदेशी भी फाइनल में पहुंचे, जिन्होंने असम के ईशांदीप बोरो को 6-3, 6-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

बालिका एकल अंडर-14 सेमीफाइनल भी उतने ही रोमांचक रहे। छत्तीसगढ़ की इशा शर्मा ने महाराष्ट्र की समायरा ठाकुर को 6-1, 6-0 से हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। दूसरे सेमीफाइनल में, महाराष्ट्र की अनिका नायर ने अपनी राज्य की साथी हर्षा देशपांडे को कड़े मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

बालकों के एकल अंडर-12 श्रेणी में, असम के ईशांदीप बोरो ने आंध्र प्रदेश के रेवंथ ऋषि पेंटाकोटा को 6-1, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट में अपना दूसरा फाइनल स्पॉट हासिल किया। महाराष्ट्र के लव परदेशी ने अपनी जीत की लय को जारी रखते हुए उड़ीसा के सूर्या नाइक को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।




बालिकाओं के एकल अंडर--12 सेमीफाइनल में दिन के सबसे कड़े मुकाबले देखने को मिले। महाराष्ट्र की जान्हवी सावंत ने कर्नाटक की अनिशा मेरियन कॉर्नेलियो को तीन सेटों के रोमांचक मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया। दूसरे मैच में, महाराष्ट्र की हर्षा देशपांडे ने पहला सेट हारने के बाद असम की क्रिस्टी हलोई को 4-6, 6-4, 6-1 से हराकर शानदार वापसी की।

#### युगल में क्रिस्टी-साईं और बंग-वेद फाइनल में



बालिकाओं के युगल अंडर--14 सेमीफाइनल में, असम की क्रिस्टी हलोई और उड़ीसा की साई रूपी मोहंती की टीम ने महाराष्ट्र की इंसियाह कमल और श्राव्या रामभजनी की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। बालकों के युगल अंडर-12 सेमीफाइनल दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला साबित हुआ। महाराष्ट्र की जोड़ी, अरिंजय बंग और वेद परदेशी, ने मध्य प्रदेश के विहान नवाब और छत्तीसगढ़ के एकलव्य राजपूत को शानदार वापसी करते हुए हराया। पहला सेट 2-6 से हारने के बाद, बंग और परदेशी ने दूसरा सेट 6-2 से जीता और निर्णायक मैच टाईब्रेक 16-14 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, उत्सुकता अपने चरम पर है। एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस 7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 ने एक बार फिर भारत की उभरती हुई टेनिस प्रतिभाओं का अद्भुत प्रदर्शन प्रस्तुत किया है, और फाइनल में और भी शानदार टेनिस देखने की उम्मीद है।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## भारतीय दर्शकों के लिए समय से पहले दस्तक देगी 'जोकर फोली ए ड्यूक्स'



टॉड फिलिप्स के निर्देशन में बनी फिल्म 'जोकर' ने दुनियाभर के सिनेमाघरों में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े थे। अब इसके सीक्वल 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' की रिलीज का वैश्विक स्तर पर इंतजार हो रहा है। निर्माताओं ने प्रशंसकों को एक और बड़ा तोहफा दे दिया है। फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपने तय समय से पहले दस्तक देने जा रही है। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का भारतीय प्रीमियर इसके अंतरराष्ट्रीय रिलीज से दो दिन पहले बुधवार 2 अक्तूबर, 2024 को होगा। टॉड फिलिप्स आगामी साइको थ्रिलर का निर्देशन कर रहे हैं, जबकि स्कॉट सिल्वर ने इसकी पटकथा लिखी है। डीसी कॉमिक्स के किरदारों पर आधारित यह फिल्म साल 2019 के 'जोकर' का अगला भाग है। इसमें जोकिन फीनिक्स को फिर से जोकर के रूप में दिखाया गया है। वहीं, लेडी गागाउनकी प्रेमिका हार्ले क्विन के किरदार में है। ब्रेंडन ग्लीसन और कैथरीन कीनर के अलावा, जाजी बीट्ज भी अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का निर्माण वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स, डीसी स्टूडियोज और ज्वाइंट एफर्ट के बैनर तले हुआ है। जानकारी हो कि 'जोकर' ने 92वें अकादमी पुरस्कारों में सबसे ज्यादा 11 नामांकन हासिल किए थे और जॉकिन को पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता कैटेगरी में ऑस्कर मिला था। 'जोकर' एक मानसिक रूप से बीमार कॉमेडियन आर्थर फ्लेक की कहानी है जिसकी पेशेवर और निजी जिंदगी की दुर्घटनाएं उसे जुर्म की दुनिया में धकेल देती हैं। फिल्म में हिंसा के बहुत भयानक सीन हैं।

### टॉलीवुड

## 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के भव्य रिलीज की कोशिशें तेज



द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में विजय डबल रोल में नजर आने वाले हैं। वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को भव्य तरीके से रिलीज करने की जोर शोर से तैयारियां चल रही है। द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी यह एक मेगा-बजट साइंस-फिक्शन एक्शन ड्रामा फिल्म है। इससे पहले आई उनकी फिल्म कस्टडी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी, लेकिन इस फिल्म से निर्देशक को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। तमिल संस्करण में फिल्म का कारोबार शानदार रहने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, फिल्म के निर्माता हिंदी भाषी दर्शकों को भी ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरत रहे हैं। हाल ही में जब इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर जारी किया गया था, तब लोगों को विजय के लिए की गई डबिंग पसंद नहीं आई, जिसके बाद निर्माताओं ने तुरंत संकेत म्हात्रे को इस प्रोजेक्ट में शामिल किया। इस बीच फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की निर्माताओं में से एक, अर्चना कल्पती इन दिनों मुंबई में हैं। वह उत्तर भारत में फिल्म के भव्य रिलीज के लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रमुख लोगों के साथ चर्चा कर रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस विजय के करियर की सबसे बड़ी रिलीज देने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। फिल्म में मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें विजय पिता और बेटे के रोल में नजर आएंगे। द गोट 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## दो भाइयों की कहानी 'संघर्ष एक जंग' दर्शकों को देखने मिलेगी आज से



छत्तीसगढ़ी फिल्म संघर्ष एक जंग 30 अगस्त को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में दो भाइयों की कहानी को दिखाया गया है। एक भाई विलन तो दूसरा हीरो बनता है। फिल्म में इन दोनों का अंतरद्वंद दिखाया गया है। निर्देशक रतन कुमार ने बताया, मैंने उडिय़ा इंडस्ट्री में काम किया है। कुछ सीजी फिल्मों में छोटा-मोटा काम किया हूं लेकिन बतौर निर्देशक यह मेरी पहली फिल्म है। मुझे इस फिल्म से बहुत उम्मीद है। फिल्म में हर्ष चंद्रा लीड रोल में नजर आएंगे। उन्होंने दुल्हन वही जउन पिया मन भाए से साइड रोल के तौर पर डेब्यू किया था, अब फूलफ्लैश हीरो बनकर उभरे हैं। इसी तरह अजय पटेल ने दमदार खलनायक की भूमिका निभाई है। दोनों के एक्शन सीन बहुत शानदार तरीके से फिल्माए गए हैं। फिल्म में संतोष सम्राट तिवारी अभिनेता के तौर पर दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि वे अब तक तीन बार पुलिस की नौकरी छोड़ चुके हैं। उनका मानना है कि मैं किसी के अंदर में काम नहीं कर सकता और न ही किसी को अपने अंदर में रखकर काम लेता हूं। मैं सहज और सरल तरीके जीवन जीने वाला व्यक्ति हूं। मुझे अभिनय में रुचि भी इसलिए कर रहा हूं। अजय पटेल ने बताया, फिल्म के एक्शन सीन बिना सुरक्षा के फिल्माए गए हैं। फाइट मास्टर को जल्दी जाना था, समय कम था इसलिए जल्दबाजी में एक्शन सीन किया गया। बिना गद्दे के शूटिंग के कारण आज तक घुटने में दर्द है।

### लाइफ स्टाइल

**नकल से बच के**



बिल्कुल असली नजर आ रही तमाम मॉडल्स दरअसल नकली है। लंदन फैशन वीक से पहले डिजीटल स्वरूप में मॉडल की यह तस्वीर आर्टिफिशियल इंटैलिजेंट्स (एआई) की मदद से बनाई गई है। दरअसल, इस तस्वीर को देखकर कई लोगों को धोखा हुआ है हालांकि आयोजकों की तरफ से साफ कर दिया गया है कि यह एआई की ईजाद है।

## हर आउटफिट के साथ खूबसूरत लगेंगे ये हेयरस्टाइल

महिलाओं को अपने आउटफिट के साथ अच्छा हेयर स्टाइल बनाने की जरूरत हर अवसर पर होती है। ये आपके लुक को कंप्लीट करेगा साथ ही खूबसूरत दिखाता है। इसलिए ऐसे अवसर पर कुछ खास हेयर स्टाइल के बारे में आपको जानना चाहिए।

### स्लीक हेयर स्टाइल

अगर आप अपने लुक को क्लासी रखना चाहती हैं तो इसके लिए आप स्लीक हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके का लुक काफी सिंपल होता है लेकिन लगता अच्छा है। इसे आप सूट, साड़ी और वेस्टर्न वियर के साथ बना सकती हैं। आपको इसे बनाने के लिए पहले अपने बालों को स्ट्रेटनिंग मशीन से सीधा करना होगा।

इसके बाद आगे के बालों को पिन की मदद से कान के पीछे सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसमें कोई एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं वरना बिना इसके भी सिंपल इसे रख सकती हैं। इस तरीके का हेयर स्टाइल बनाने में आपको समय भी कम लगेगा और आप खूबसूरत भी लगेंगी।





### ट्विस्टेड ब्रेड बन हेयर स्टाइल

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें बालों को खुला रखना पसंद नहीं होता है ऐसे में आप साइड ब्रेड के साथ बन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (क्लासी लुक के लिए 3 इजी हेयर स्टाइल) लंबे बालों में काफी अच्छे लगते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को कॉम्ब करें। फिर दो हिस्सों में इन्हें बांटे। अब दोनों साइड ब्रेड बनाएं और पिन की मदद से पीछे बालों में सेट करें। अब बचे हुए बालों में जुड़ा बनाएं। इसके बाद बॉबी पिन से उसे सेट करें। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ बना सकती हैं।

## अपने लुक को खास बनाने के लिए करें वाइट कुर्ती को स्टाइल



**फैशन**



व्हाइट कलर की कुर्ती को स्टाइल करने के लिए आपको सबसे पहले अपने बॉडी टाइप को समझना जरूरी होता है और इसे स्टाइल करने के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। कुर्ती पहनना हम सभी को पसंद होता है और इसके कई डिजाइन भी आपको ऑनलाइन आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बहुत से खास मौके पर अक्सर हम व्हाइट कलर की कुर्ती को पहनना पसंद करते हैं। इसे स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, जो आपको एक दूसरे से काफी अलग लुक देने में मदद करते हैं। ऐसे खास मौके पर व्हाइट कुर्ती के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस के साथ जानिए कि आप किस तरह से इसे अलग-अलग स्टाइल कर सकती हैं और अपने सिंपल से लुक को और भी ज्यादा आकर्षक बना सकती हैं।

### स्लिट कट कुर्ती

कुर्ती के लिए इंडो-वेस्टर्न डिजाइन ढूंढ रही हैं तो इस तरह का स्टाइलिश स्लिट कट कुर्ती डिजाइन आपके लुक को खास बनाने में मदद कर सकता है। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में लगभग 300 रुपये से लेकर 500 रुपये के बीच आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की कुर्ती के साथ आप रिप्ड जीन्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही ट्राइकलर के इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### पेप्लम कुर्ती


आजकल पेप्लम कुर्ती का चलन काफी बढ़ गया है। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में लगभग 200 रुपये से लेकर 700 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की कुर्ती को आप अपनी लेंथ के हिसाब से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं। इस कुर्ती को आप वेस्टर्न लुक देने के लिए जीन्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इसके साथ आपको मैचिंग डिजाइन वाला शरारा भी आसानी से मिल जाएगा।

### प्लेन कुर्ती सेट

प्लेन कुर्ती सेट आजकल काफी चलन में नजर आ रहा है। इसमें आप कुर्ती के लिए स्लीवलेस डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का प्लेन लुक आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप ट्राइकलर दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं।

## ट्राई करें आई मेकअप लुक, लोग करेंगे आपकी खूबसूरती की तारीफ

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने आउटफिट के साथ आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप अलग-अलग तरीके के आई मेकअप कर सकती हैं। इससे आप त्योहार के दिन बेहद खूबसूरत लगेंगी। आप भी यहां बताए गए मेकअप लुक को ट्राई कर सकती हैं। साड़ी हो या फिर सूट हर किसी के साथ ये काफी अच्छे लगेंगे।



### गोल्डन स्मोकी आई मेकअप लुक

अगर आप डार्क शेड वाली साड़ी या फिर सूट वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप गोल्डन स्मोकी आई मेकअप लुक ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के लुक के लिए सबसे पहले आपको अपनी आंखों पर कंसीलर लगाना है। फिर इसपर लाइट पिंक कलर लगाना है। इसके बाद इसे अपनी आंखों पर स्मज करें। इसपर गोल्डन कलर लगाएं फिर इसमें थोड़ा सा ब्लैक कलर एड करें। फिर इसे अच्छा स्मज करें। अब आंखों पर लाइनर लगाएं और आईलैशेज लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें। इस तरीके से आपका हरियाली तीज लुक क्रिएट हो जाएगा।

### न्यूड आई मेकअप लुक

इस हरियाली तीज पर अगर आप सिंपल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए न्यूड आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस लुक को क्रिएट करने के लिए आपको सबसे पहले आंखों पर कंसीलर लगाना है। फिर इसपर कोई भी न्यूट्रल शेड लगाना है और अच्छे से स्मज करना है। इसके बाद इसमें आप शिमर को भी लगा सकती हैं वरना इसे ऐसे ही सिंपल छोड़ सकती हैं। अब इसमें लाइनर लगाएं और इस लुक को कंप्लीट करें।

## केले के छिलकों से बढ़ाएं पैरों की खूबसूरती

मानसून में अक्सर हाथ-पैरों में ड्राइनेस होने लगती है। मौसम भले ही चिपचिपा हो, लेकिन अगर स्किन को मॉइश्चराइज न किया जाए तो त्वचा पर प्रभाव दिखने लगता है। चलिए आज आपको बताएं एक ऐसा नुस्खा, तो पैरों को ड्राई नहीं होने देगा।

क्या आप भी अपनी फेवरेट हील्स नहीं पहन पा रही हैं? जब त्वचा ड्राई होने लगती है, तो फटने लगती है। हम अक्सर उन्हें मॉइश्चराइज करना नजरअंदाज कर देते हैं और फिर धीरे-धीरे पैर खराब होने लगते हैं। ऐसा नहीं है कि त्वचा ड्राई सिर्फ सर्दियों में होती है।

केले के छिलके अमीनो एसिड और विटामिन-ए, बी, सी और ई से भरपूर होते हैं, जो ड्राई और खुजली वाली त्वचा पर अद्भुत काम करते हैं। चलिए आपको बताएं कि आप पैरों की देखभाल के लिए केले के छिलके का इस्तेमाल कैसे कर सकती हैं।

### ड्राई स्किन हटाने के लिए केले के छिलके से करें पैरों को स्क्रब

जैसा कि हमने बताया कि केले में अमीनो एसिड और विटामिन्स होते हैं और यही कारण है कि छिलका रूखी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। केले में पोटैशियम भी होता है, जो इसे एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर बनाता है।



### इस तरह करें उपाय

सबसे पहले एक बाल्टी में शैंपू और गर्म पानी डालकर घोल लें। इसमें पैरों को डालकर 10 मिनट तक रखें। इसके बाद प्यूमिक स्टोन से अपने पैर रगड़ लें। इससे डेड स्किन निकल जाएगी फिर पैरों को साफ करें। अब पैरों को सुखा लें और केले के छिलकों को एड़ियों पर अच्छी तरह से रगड़ लें। 10-15 मिनट ऐसे ही रहने दें और उसके बाद साफ टिश्यू से पैर पोंछ लें।

शहद को एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक माना जाता है जो फटे पैरों को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह एक अच्छा हुमेक्टैंट भी है जो त्वचा को नमी प्रदान करता है और त्वचा को ड्राई होने से बचाता है।

**कार्नर न्यूज**

### मेकअप प्रोडक्ट आपकी त्वचा पर कैसा असर डालते हैं, यह जांच जरूरी

## कॉस्मेटिक्स खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान

*आजकल फैशन और मेकअप के मामले हर महिला आगे रहना चाहती है। इसके लिए वो हर तरह के मेकअप प्रोडक्ट भी इस्तेमाल करती है। बाजार में भी तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट मिलते हैं लेकिन जरूरी नहीं हर प्रोडक्ट आपके लिए ही बना हो। इसलिए जरूरी है कि जब भी मेकअप के सामान आप खरीदें तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। तो चलिए जानें क्या हैं वो जरूरी बातें जिनका हर मेकअप लवर को ध्यान रखना चाहिए।*

### अपनी त्वचा का प्रकार जानें

सबकी स्किन अलग-अलग प्रकार की होती है। अलग-अलग त्वचा की जरूरतें भी अलग होती हैं। आमतौर पर नॉर्मल, ड्राय, ऑयली और मिली-जुली इस तरह के स्किन टाइप्स होते हैं। कॉस्मेटिक्स खरीदने से पहले कुछ समय निकालें और अपनी त्वचा का प्रकार पता लगाएं। इससे आपकी खरीदारी आसान हो जाएगी। जैसे अगर आप फाउंडेशन खरीदने जा रही हैं और आपकी स्किन टाइप ऑयली है तो आपको ऐसा फाउंडेशन खरीदना होगा, जो आपकी त्वचा पर बहुत ज्यादा भारी न हो।



### आपको होनी चाहिए स्किन टोन की जानकारी

स्किन टाइप की तरह ही स्किन टोन की सही जानकारी भी बेहद जरूरी है। तीन मुख्य प्रकार के स्किन टोन्स होते हैं कूल, वॉर्म और न्यूट्रल। अपना स्किन टोन पता करने के लिए अपनी कलाई की नसों पर ध्यान दें। अगर आपकी नसें ब्लू हों तो स्किन टोन कूल है। अगर वे ग्रीन हों तो स्किन टोन वॉर्म है। अगर आपको समझ न आ रहा हो कि वे ब्लू हैं या ग्रीन तो आपकी स्किन टोन न्यूट्रल है।

### इन्ग्रीडिएंट्स चेक करें

जिस तरह खाने-पीने की चीजें खरीदने से पहले आप इन्ग्रीडिएंट्स देखें। उसी तरह मेकअप प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले इन्ग्रीडिएंट्स पर नजर डालने की आदत डालें। हो सकता है इसमें कोई ऐसी चीज हो, जो आपकी त्वचा को सूट न करती हो या आपको किसी इनग्रीडिएंट से एलर्जी हो। अगर आप इन्ग्रीडिएंट्स की सूची पढ़ने की आदत डालेंगी तो इस तरह की समस्या से बच सकेंगी।

